सुविचार

॥ सपने तभी सच होते हैं जब उनके पीछे कड़ी मेहनत, धैर्य और दृढ़ संकल्प जुड़ा हो। केवल सोचने से नहीं, बल्कि लगातार प्रयास करने से सफलता मिलती है। ॥

# प्रथम न्यूज

PRATHAM NEWS राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in email:- dainikprathamnews@gmail.com

Pratham News @dainikprathamnews



अफगानिस्तान सीरीज से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका...

» पृष्ठ 7 पर

जालंधर, वर्ष: 16 अंक : 160 | दिनांक : वीरवार, 11 जून 2026 | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्कः | 97796-00900 | पन्ने- 8 | मूल्यः ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540

## पंजाब कैबिनेट के बड़े फैसले

# नीट छात्रों को मुफ्त बस यात्रा, लेक्चरर भर्ती में आयु सीमा में छूट

### युवाओं और शिक्षा पर पंजाब सरकार का फोकस, कैबिनेट ने लिए कई अहम निर्णय, नीट री-एग्जाम अभ्यर्थियों को राहत, 1013 लेक्चरर पदों की भर्ती का रास्ता साफ

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

10 जून ( एएम नाथ )

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में बुधवार को हुई पंजाब कैबिनेट की बैठक में युवाओं, शिक्षा, रोजगार और जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने और विकास कार्यों को गति देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

कैबिनेट ने नीट री-एग्जाम में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए 20, 21 और 22 जून को पंजाब रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी की बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा देने का फैसला किया है। विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र दिखाकर राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त सफर कर सकेंगे। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके अलावा, स्कूल शिक्षा विभाग में 1013 लेक्चरर पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को आयु सीमा में एकमुश्त पांच वर्ष की छूट देने को भी मंजूरी दी गई है। सरकार का मानना है कि इससे लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया का इंतजार कर रहे युवाओं को लाभ मिलेगा और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मीडिया से बातचीत के दौरान देशभर में सामने आ रहे पेपर



लीक मामलों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लाखों विद्यार्थी वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं उनके भविष्य और परीक्षा प्रणाली पर विश्वास को नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार हो रहे पेपर लीक ने युवाओं में निराशा का माहौल पैदा किया है।

चीमा ने कहा कि कैबिनेट के इन फैसलों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करना, भर्ती प्रक्रियाओं को तेज करना और आम लोगों की सुविधा तथा सुरक्षा को प्राथमिकता देना है।

**मानसून से पहले सरकार की तैयारी**

वहीं, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में 156 जूनियर इंजीनियरों की सीधी भर्ती को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने मानसून से पहले बाढ़ सुरक्षा तैयारियों को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

राज्य में नहरों, ड्रेनों और अन्य जल निकासी मार्गों की डी-सिल्टिंग (गाद निकालने) के कार्यों को तेज करने के लिए संबंधित अधिकारियों और डिप्टी कमिश्नरों को आवश्यक अधिकार दिए गए हैं, ताकि जरूरत के अनुसार तुरंत काम करवाकर बाढ़ के खतरे को कम किया जा सके।

## पंजाब में अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को राहत देगी नई नीति : सीएम मान

**चंडीगढ़ ( एएम नाथ )**– पंजाब सरकार राज्य की अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले हजारों परिवारों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान के लिए एक नई राज्य स्तरीय नीति तैयार करेगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के दौरान की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य भर में हजारों लोगों ने अपनी जीवनभर की कमाई इन कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने पर खर्च की, लेकिन बाद में उन्हें कानूनी और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कई परिवार अपनी जमीन की रजिस्ट्री नहीं करवा सके और न ही उसे बेच पाए। इसके अलावा बिजली, पानी और सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उन्हें उपलब्ध नहीं हो सकीं। भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट किया कि सरकार भोले-भाले खरीदारों और धोखाधड़ी करने वाले कॉलोनाइज़रों के बीच अंतर करती है। उन्होंने कहा कि कई कॉलोनाइज़रों ने आकर्षक ब्रोशर और झूठे वादों के जरिए लोगों को गुमराह किया, प्लॉट बेचकर मुनाफा कमाया और बाद में उन्हें समस्याओं के बीच छोड़ दिया। बिक्री के समय खरीदारों को यह नहीं बताया गया कि इन कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं और कानूनी मंजूरियों का अभाव है।

मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार ऐसे प्रभावित नागरिकों के हितों की रक्षा करेगी और उन्हें राहत देने के लिए एक समान नीति लागू करेगी। साथ ही, धोखाधड़ी करने वाले कॉलोनाइज़रों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि तैयार की जा रही नीति केवल लुधियाना या पटियाला जैसे बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे पंजाब में समान रूप से लागू होगी। इसका उद्देश्य प्रत्येक प्रभावित परिवार को राहत और न्याय प्रदान करना है, ताकि वर्षों से लंबित समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## काशी में पहली बार दिखेगा भारतीय वायुसेना का पराक्रम

### अक्टूबर में नमो घाट पर होगा भव्य एयर शो, जुटेंगे 50 से अधिक फाइटर जेट्स

» प्रथम न्यूज । वाराणसी

10 जून ( ब्यूरो )

धर्म और संस्कृति की नगरी काशी इस साल अक्टूबर के महीने में एक ऐतिहासिक और अद्भुत दृश्य की गवाह बनने जा रही है। भारतीय वायुसेना (IAF) पहली बार वाराणसी के नमो घाट पर गंगा किनारे एक भव्य एयर शो आयोजित करने जा रही है। इस शो का मुख्य आकर्षण वायुसेना की विश्व प्रसिद्ध एरोबेटिक टीम सूर्य किरण होगी, जो आसमान में तिरंगा और अद्भुत कलाबाजियां दिखाकर लोगों को रोमांचित करेगी। सूर्य किरण टीम के 9 हॉक विमान (Air Craft) अक्टूबर के अंतिम सप्ताह मे वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे।



विमानों की पार्किंग के लिए एयरपोर्ट पर विशेष हैंगर और रनवे की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दे दिए गए हैं। मुख्य आयोजन से पहले, अक्टूबर के लास्ट मे विमानों का कड़ा अभ्यास और रिहर्सल सत्र आयोजित किया जाएगा।सूर्य किरण के 9 विमानों के अलावा, देश के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान राफेल, तेजस और सुखोई-30 सहित करीब 50 से अधिक फाइटर जेट्स और हेलिकॉप्टर्स इस शो में शामिल हों सकते है । ये विमान आसपास के अन्य एयरबेस से उड़ान भरकर सीधे काशी के आसमान में अपनी गर्जना करेंगे।प्रयागराज के बाद उत्तर प्रदेश में यह अपनी तरह का दूसरा सबसे बड़ा एयर शो होगा। प्रशासन और वायुसेना की टीमों ने नमो घाट और गंगा पार रेती (धंसा) का निरीक्षण किया है, ताकि लाखों की संख्या में जुटने वाले दर्शकों के बैठने और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जा सके। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में काशी का आसमान भारतीय वायुसेना के शौर्य से जगमगा उठेगा।

## ऑयल टैंकर पर US हमले के बाद 3 भारतीय लापता

### भारत ने अमेरिकी डिप्लोमैट को किया तलब

**नई दिल्ली ( एजेंसी )**– भारत ने ओमान के पास कमर्शियल जहाज पर हुए हमले की निंदा की है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस हमले में 24 भारतीयों के क्रू में से 21 को रेस्क्यू कर लिया गया है जबकि 3 अब भी लापता हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम आज सुबह ओमान के तट पर कमर्शियल जहाज सेटेबेल्लो पर हुए हमले की निंदा करते हैं। जहाज पर सवार 24 भारतीय क्रू मेंबर में से अब तक 21 भारतीयों को बचा लिया गया है और 3 भारतीय लापता बताए जा रहे हैं। ओमान में हमारे दूतावास स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं और चल रहे सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में ओमानी अधिकारियों के साथ लगातार कोऑर्डिनेट कर रहे हैं।



इस बीच विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव नागराज नायडू ने जहाज पर हुए हमले के विरोध में संयुक्त राज्य अमेरिका के चार्ज डी%अफेयर्स जेसन मीक्स को तलब किया है।

मंत्रालय ने कहा, इस इलाके में शिपिंग पर लगातार हो रहे हमले बहुत चिंता की बात हैं और यह इस इलाके में चल रहे झगड़े का सीधा नतीजा है। हम तनाव को तुरंत कम करने और डिप्लोमैटिक हल के लिए चल रही बातचीत को खत्म करने की अपनी मांग दोहराते हैं ताकि इस इलाके में शांति और स्थिरता लौट सके। इस इलाके में कमर्शियल शिपिंग और सिविलियन इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाना बंद होना चाहिए, और इंटरनेशनल कानून के मुताबिक इस इलाके में इंटरनेशनल पानी के रास्तों से बिना रुकावट के नेविगेशन और कॉमर्स को जल्द से जल्द बहाल किया जाना चाहिए।


## मोदी सरकार के 12 साल पर कैबिनेट के बड़े फैसले, अहमदाबाद मेट्रो विस्तार को मंजूरी

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

10 जून ( एएम नाथ )

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के फेज-2ए के तहत 6 किलोमीटर लंबे नए कॉरिडोर को स्वीकृति दी है, जिसमें पांच नए स्टेशन बनाए जाएंगे। इस परियोजना पर लगभग 2169 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है और इससे करीब 2500 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। परियोजना पूरी होने के बाद अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई 77.63 किलोमीटर हो जाएगी।

इसके अलावा आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए केंद्र सरकार ने दो बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट मंजूर किए हैं। इनमें 23.25 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में 1299 करोड़ रुपये की लागत से सेंट्रल गवर्नमेंट जनरल पूल ऑफिस अकॉमोडेशन और 31.30 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में



1235 करोड़ रुपये की लागत से जनरल पूल रेजिडेंशियल अकॉमोडेशन का निर्माण शामिल है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियों पर एक विशेष प्रस्ताव भी पारित किया।

उन्होंने कहा कि 10 जून 2026 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि नरेंद्र मोदी 4399 दिनों तक लगातार सेवा देकर देश के सबसे लंबे समय तक लगातार कार्यरत रहने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री बन गए हैं। कैबिनेट ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए देश के विकास और सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## संक्षिप्त न्यूज

### अमेरिका में भारतीय मूल के कारोबारी पर धोखाधड़ी का आरोप

**1000 हजार करोड़ के बैंक स्कैम में गिरफ्तार**



**अमेरिका ( एजेंसी )**– अमेरिका में भारतीय मूल के एक कारोबारी को बैंक से करीब 100 मिलियन डॉलर यानी लगभग 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की कथित धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान महेंद्र मखीजानी (44) के रूप में हुई है, जो भारत से ताल्लुक रखते हैं और अमेरिका के कैलिफोर्निया के कोरोना डेल मार इलाके में रहते हैं। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, महेंद्र मखीजानी पर आरोप है कि उन्होंने एक बैंक को धोखा देकर बड़ी रकम हासिल करने की कोशिश की। उनके खिलाफ संघीय आपराधिक शिकायत दर्ज की गई है। जांच एजेंसियों के अनुसार, मखीजानी Cantor Group V LLC नाम की न्यू पोर्ट बीच स्थित कंपनी को नियंत्रित करते थे। इस कंपनी का एक बैंक के साथ लेंडिंग एग्रीमेंट था. इस समझौते के तहत कंपनी को बैंक को केवल ऐसे रियल एस्टेट लोन देने थे जिन पर बैंक का सबसे पहला अधिकार यानी First-Lien Position हो। आरोप है कि सितंबर 2024 से अप्रैल 2025 के बीच मखीजानी ने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज तैयार किए ताकि बैंक को यह लगे कि कंपनी के पास ऐसे प्रॉपर्टी लोन हैं जिन पर बैंक का पहला अधिकार है, जबकि असल में उन प्रॉपर्टीज पर दूसरे कर्जदाताओं का अधिकार पहले से मौजूद था।

### महाराष्ट्र के बीड में श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटी, दो महिलाओं की मौत

**35 लोग थे सवार, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी**



**मुंबई ( ब्यूरो )**– महाराष्ट्र के बीड के माजलगांव में बड़ा हादसा हो गया। माजलगांव तालुका के प्रसिद्ध तीर्थस्थल पुरुषोत्तमपुरी में भगवान के दर्शन के लिए गए श्रद्धालुओं से भरी नाव नदी में पलट गई। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई है। जबकि सिंधुबाई मवाळ (निवासी महागांव, जिला वाशिम) गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, नाव में 35 लोग सवार थे। फिलहाल सभी को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

बताया जा रहा है कि नाव में क्षमता से अधिक लोग सवार थे, जिसके चलते बीच नदी में नाव का अचानक संतुलन बिगड़ गया। इसी बीच नाव तेज धारा में फंस गई और देखते ही देखते नाव नदी में डूब गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है। स्थानीय लोगों और प्रशासन ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कई श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाला। फिलहाल राहत कार्य जारी है। इधर, घटना के बाद जिला कलेक्टर ने उपविभागीय जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही क्षमता से अधिक लोग बिठाने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### पाकिस्तानी सेना का एमआई-17 हेलीकॉप्टर पीओके में क्रैश

**सभी सैन्यकर्मियों की मौत**

**हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत**

**रावलपिंडी ( एजेंसी )**– पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद के पास सेना का एक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया। स्थानीय मीडिया ने सैन्य प्रवक्ता के हवाले से इसकी जानकारी दी। पीओके पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि पाकिस्तान सेना की एविएशन विंग का एमआई-17 हेलीकॉप्टर बुधवार को मुजफ्फराबाद के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में हेलीकॉप्टर में सवार सभी सैन्यकर्मियों की मौत हो गई।



प्रमुख दैनिक डॉन ने आईएसपीआर के हवाले से बताया कि हेलीकॉप्टर के उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि हादसा इतना गंभीर था कि हेलीकॉप्टर में सवार किसी भी व्यक्ति की जान नहीं बच सकी। बयान में कहा गया, हेलीकॉप्टर में मौजूद सभी कर्मियों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा।

हादसे की सूचना मिलते ही सेना की बचाव और राहत टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गईं और राहत एवं रिकवरी अभियान शुरू किया गया। पाकिस्तानी सेना ने दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच बोर्ड गठित करने का आदेश दिया है। यह बोर्ड तकनीकी खराबी और अन्य संभावित कारणों की विस्तृत जांच करेगा।


## हिमाचल में वाहन परमिट शुल्क बढ़ा

# अब हर दो साल स्वतः 10% वृद्धि लागू होगी

» प्रथम न्यूज । शिमला

10 जून ( एएम नाथ )

हिमाचल में वाहन परमिट लेना अब महंगा होगा। राज्य सरकार ने विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के परमिट शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है। प्रस्तावित संशोधन के तहत बसों, टैक्सियों, ऑटो रिक्शा, मालवाहक वाहनों, जीप और अन्य यात्री वाहनों के परमिट जारी करने, नवीनीकरण के लिए नई शुल्क दरें निर्धारित की गई हैं। सरकार ने बढ़ोतरी के साथ एक और बड़ा बदलाव किया है। भविष्य में इन शुल्कों में हर दो वर्ष बाद स्वतः 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। यानी इसके लिए विभाग को प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी। हर दो साल बाद विभाग स्वतः ही इसकी बढ़ोतरी करने के लिए अधिकृत होगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन आरडी नजीम की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग ने 30 दिनों के भीतर आम जनता, परिवहन संचालकों, टैक्सी यूनियनों, बस



ऑपरेटरों और अन्य हितधारकों से सुझाव व आपत्तियां मांगी है। प्राप्त सुझावों पर विचार करने के बाद ही नियमों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

परिवहन विभाग ने कैबिनेट को जो प्रस्ताव भेजा था उसमें न्यूनतम दर 1 हजार करने की मांग की थी। कैबिनेट ने इसे अस्वीकार कर दिया था। वर्ष 1999 के बाद यह बढ़ोतरी की गई है।

**विशेष परमिट भी होंगे महंगे**

मोटर वाहन अधिनियम की धारा 88(8) के तहत जारी किए जाने वाले विशेष परमिटों के लिए भी शुल्क तय किया गया है। इसके तहत अस्थायी विशेष परमिट के लिए 250 रुपये और नियमित विशेष परमिट के लिए 500 रुपये शुल्क प्रस्तावित है। अन्य श्रेणी में 20 से 50 रुपये तक की बढ़ोतरी की है।

**ऑनलाइन भुगतान को भी बढ़ावा**

नए नियमों के तहत परमिट के लिए आवेदन करते समय शुल्क का भुगतान नकद रसीद, ऑनलाइन भुगतान व ट्रेजरी चालान के माध्यम से किया जा सकेगा। इसके अलावा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) को आवेदन शुल्क प्राप्त होने पर निर्धारित प्रारूप में अलग रसीद जारी करनी होगी, ताकि भुगतान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बन सके।

**वाहन शुल्क विवरण**

अस्थायी एवं नियमित शुल्क का विवरण

| वाहन का प्रकार | अस्थायी शुल्क (₹) | नियमित शुल्क (₹) |
|---|---|---|
| बसें | 750 | 1500 |
| मोटर कैब और ऑटो रिक्शा | 50 | 50 |
| मैक्सी कैब, एलएमवी मालवाहक | 100 | 200 |
| मध्यम और हैवी गुड्स वाहन | 100 | 100 |
| जीप और अन्य यात्री वाहन | 100 | 100 |
| स्टेज कैरिज व अन्य वाहन | 500 | 1000 |

नोट: उपर्युक्त शुल्क प्रशासन द्वारा निर्धारित हैं। समय-समय पर संशोधन संभव है।



## संक्षिप्त न्यूज

### घराटिया जठेरों का गीष्म ऋतु मेल 21 जून को

***पंजाब और विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालु बुआ बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे - लभा राम***

**जालंधर( शिव कुमार )**– घराटिया जठेरे (रजि.) जालंधर पंजाब के चेयरमैन लभा राम,अध्यक्ष विजय भगत,महासचिव गणेश भगत, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार और मुख्य सलाहकार रविंदर भगत ने कहा कि घरटिया गोत्र (पूनम) से संबंधित ग्रीष्म ऋतु मेल 21 जून रविवार को आर.एस. पुरा चकरोई जम्मू में आयोजित किया जाएगा।पंजाब,जम्मू, राजस्थान, हरियाणा और अन्य राज्यों के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने परिवारों के साथ इस ग्रीष्म ऋतु मेल में शामिल होंगे और बुआ बावा जी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। श्रद्धालु एक दिन पहले ही इस ग्रीष्म ऋतु मेल के स्थल पर पहुंचेंगे। उनके लिए रात्रि विश्राम और रात्रि लंगर की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में जम्मू से गारा राम, संसार चंद, बचन लाल व उनके सहयोगी श्रद्धालुओं की रहने के लिए व्यवस्था करेंगे। मुख्य सेवादार बाबा बचन लाल जी व उनके सहयोगी उनके रहने तथा भोजन की व्यवस्था करेंगे।



मुख्य सेवादार बाबा वचन लाल जी व सभी पदाधिकारी वह श्रद्धालु सुबह 8 से 9 बजे तक बाबा बुआ जी की पूजा–अर्चना करेंगे। ध्वजारोहण समारोह के बाद शीतकालीन भंडारा शुरू होगा और आए हुए श्रद्धालु बाबा बुआ जी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। श्रद्धालुओं के लिए लंगर व ठंडे जल की शब्बील की व्यवस्था की गई है। घराटिया जठेरे (रजि.) पंजाब में चेयरमैन लभा राम ने सभी घरटिया गोत्र के सभी श्रद्धालुओं को इस ग्रीष्म ऋतु मेल पर परिवार सहित पहुंचे और बुआ बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### गांव पोसी में खालसा कॉलेज माहिलपुर के प्रवेश केंद्र का उद्घाटन



**होशियारपुर /माहिलपुर ( तरसेम दीवाना )** – श्री गुरु गोबिंद सिंह खालसा कॉलेज माहिलपुर द्वारा नए सत्र 2026–27 में प्रवेश के संबंध में कस्बा सैला खुर्द के पास पड़ते गांव पोसी के बस स्टैंड के पास छात्रों के करियर मार्गदर्शन और काउंसलिंग की सुविधा के लिए विशेष प्रवेश केंद्र खोला गया। इस प्रवेश केंद्र का उद्घाटन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. परविंदर सिंह, कॉलेज के स्टाफ और गांववासियों की उपस्थिति में समाज सेवी त्रिलोचन सिंह वारिया ने किया। उन्होंने कॉलेज द्वारा इलाके को दिए गए योगदान के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. जे.बी. सेखों ने स्वागत शब्द साझा किए और लेक्चरर तरसेम सिंह ने इस प्रवेश केंद्र को इलाके के छात्रों के लिए महत्वपूर्ण मददगार बताया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. परविंदर सिंह ने कॉलेज में नए शुरू हो रहे कोर्सों के बारे में जानकारी दी और कहा कि कॉलेज में जरूरतमंद और होशियार छात्रों की विशेष आर्थिक मदद की जाती है। उन्होंने कहा कि पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए योग्य एस.सी./एस.टी. वर्ग के छात्रों से संबंधित कोर्स के लिए सिर्फ यूनिवर्सिटी फीस ही ली जाएगी। उन्होंने इलाके के छात्रों से सेंटर में मौजूद विशेषज्ञ स्टाफ से अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न कोर्सों के बारे में जानकारी लेने की अपील की। इस अवसर पर बलविंदर सिंह, राजेश कुमार, रामपाल भनोट, कोच चरनजीत सिंह, हरजीत सिंह, शाम सुंदर, रंजीत पोसी, तीर्थ सिंह, प्रो. जसविंदर सिंह, डॉ. विक्रांत राणा, डॉ. राकेश कुमार, प्रो. रोहित पुरी आदि सहित कॉलेज का अन्य टीचिंग और नॉन–टीचिंग स्टाफ उपस्थित था।

### 17 ग्राम हेरोइन के साथ 3 नशा तस्कर गिरफ्तार

**गुरदासपुर( संदीप सन्नी )** – गुरदासपुर पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों के अंतर्गत 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 17 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

**विभिन्न थानों द्वारा की गई गिरफ्तारियों का विवरण:**

**थाना सदर गुरदासपुर :** पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए मनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सदर गुरदासपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(ए)–61–85 के तहत मुकदमा दर्ज रजिस्टर किया गया है।

**थाना घुम्मन कलां :** एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने करनप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से 7 ग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ थाना घुम्मन कलां में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी)–61–85 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**थाना तिब्बड :** पुलिस टीम ने स्टीफन नामक आरोपी को दबोच कर उसके कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन बरामद की। इस नशा तस्कर के खिलाफ थाना तिब्बड़ में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी)–61–85 के तहत मामला दर्ज रजिस्टर किया गया है।





## वार्ड नंबर 29, रुलिया राम कॉलोनी से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के तहत श्रद्धालुओं की बस को रवाना

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
10 जून ( संदीप सन्नी )

गुरदासपुर के हलका प्रभारी रमन बहल ने वार्ड नंबर 29, रुलिया राम कॉलोनी से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं की एक विशेष बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार के इस अनूठे प्रयास के चलते हमारे बुजुर्ग बिना किसी व्यक्तिगत खर्च के पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन कर पा रहे हैं। उन्होंने यात्रा पर जा रहे सभी श्रद्धालुओं के लिए एक सुखद और मंगलमय यात्रा की कामना की। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत लोगों को विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जा रहे हैं और लोग पूरी श्रद्धा भावना के साथ इस यात्रा का लाभ उठा रहे हैं।



**तीन दिनों में इन पवित्र स्थलों के होंगे दर्शन :** हलका प्रभारी बहल ने बताया कि इस बस के माध्यम से तीन दिनों के भीतर श्रद्धालुओं को निम्नलिखित पवित्र स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे–

श्री आनंदपुर साहिब
तख्त श्री केसगढ़ साहिब
विरासत–ए–खालसा
श्री कीरतपुर साहिब
माता नैना देवी जी

**श्रद्धालुओं ने जताया सरकार का आभार :** यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री पंजाब और रमन बहल का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के शुरू होने से लोगों में खुशी का माहौल है और वे धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए बेहद उत्साहित हैं।

इस विशेष अवसर पर चेयरमैन भारत भूषण शर्मा, मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के हलका कोऑर्डिनेटर गगन महाजन, युद्ध नशे विरुद्ध अभियान के कोऑर्डिनेटर रणजीत सिंह पाहड़ा और रघुबीर सिंह खालसा भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को बधाई, 12 वर्षों में विकास और सुशासन की नई मिसाल कायम की : राकेश राठौर

» प्रथम न्यूज । जालंधर
10 जून ( शैली अल्बर्ट )



भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश महामंत्री एवं जालंधर के पूर्व मेयर राकेश राठौर ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति देशवासियों के अटूट विश्वास, उनकी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रहित के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है।

राकेश राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने सफल 12 वर्षों के कार्यकाल में विकास, सुशासन और जनकल्याण का एक नया अध्याय लिखा है। इन वर्षों में भारत ने आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना निर्माण, वैश्विक प्रतिष्ठा और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ देश को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान की है। आज भारत विश्व मंच पर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और निर्णायक राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।

राठौर ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई जनधन योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, उवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों के माध्यम से विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रहा है।

राकेश राठौर ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आने वाले वर्षों में और अधिक प्रगति करेगा तथा विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने के अपने संकल्प को अवश्य प्राप्त करेगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी को पुनः बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

# चोरों ने 'आम आदमी पार्टी' के जिला दफ्तर कॉम्प्लेक्स को बनाया निशाना

**थाना रामबाग पुलिस को दो महीने पहले शिकायत दी थी, कोई कार्रवाई नहीं हुई**

» प्रथम न्यूज । अमृतसर
10 जून ( साहिब दयाल )

आम आदमी पार्टी ने पिछले आठ सालों से भंडारी पुल के सामने पंडित दीन दयाल उपाध्याय कॉम्प्लेक्स के अंदर अपना जिला दफ्तर बनाया हुआ है। कॉम्प्लेक्स में रात को लगातार चोरियां होने की खबर सामने आई है। चोरों ने पार्टी के जिला दफ्तर के बाथरूमों को पिछले कई महीनों से निशाना बनाया हुआ है और वहां से एक–दो नहीं बल्कि सभी नल टूटियां, एल्यूमीनियम के दरवाजे, एसी की पाइप, आउटडोर ए.सी. सिस्टम, शीशे, लोहे के पाइप और बाहर वाली एंट्री में लगे फव्वारे (फाउंटेन) में लगी सभी टूटीयां और पीतल की पाइपें उड़ा लिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगने से पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय दुकानदारों में चिंता का माहौल है।

हाल गेट के सामने कर्पोरेशन द्वारा 2001 में बनाए पंडित दीन दयाल उपाध्याय कॉम्प्लेक्स के दुकानदार कर्मजीत सिंह, राहुल राओ, हरदेव प्रिंस, प्रीत कौर, एडवोकेट रजिंदर शर्मा, पवन कुमार और कर्मजीत भट्टी ने बताया कि उन्होंने लगातार हो रही चोरी के बारे में भंडारी पुल पर लगे नाके पर मौजूद पुलिस और थाना रामबाग पुलिस को दो महीने पहले लिखती शिकायत देने के अलावा %आप के पूर्व जिला प्रधान मुनीश अग्रवाल और नए बने %प्रधान प्रभबीर सिंह बराड़ को भी शिकायत दी थी लेकिन कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आई। उन्होंनो बताया कि कॉम्प्लेक्स के अंदर चोरी की ये पहली वारदात नहीं है। चोर बेहद तसल्ली से जिला कॉम्प्लेक्स के अंदर दाखिल होते हैं। अंदर लगे कीमती समान को उखाड़कर एक–एक करके रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोर आसानी से फरार हो जाते हैं। चोरों के डर से मेन बाथरूम को ताला लगा दिया गया है। नशे की हालत में आदमी और महिलाएं रातभर यहां पड़ी रहती हैं। कॉम्प्लेक्स की सीढ़ियों तथा खुले बाथरूम में गंदगी फैली हुई है। देखरेख के अभाव में इस कॉम्प्लेक्स के अंदर भारी गंदगी जमा हो गई है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। यहां कई बार दुकानों के शटर भी तोड़े गए हैं। वहीं लोगों ने शहर में कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। दुकानदारों को संदेह है कि चोरी के पीछे नशाखोर और असामाजिक तत्व हो सकते हैं। चोरों के बुलंद हौसले देखकर दुकानदारों ने जिला पुलिस तथा पंजाब सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए हैं। स्थानीय लोगों और पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारियों द्वारा इस मामले में जल्द उचित कदम उठाने की मांग की जा रही है।

**कॉम्प्लेक्स के अंदर पड़ी गंदगी, फैल रही बीमारियां**





## राजेश कुमार शर्मा ने डीईओ (सेकेंडरी) और डॉ. अनिल शर्मा ने उप-जिला शिक्षा अधिकारी का संभाला कार्यभार

**गुरदासपुर ( संदीप सन्नी )** – स्टेट अवार्डी राजेश कुमार शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) और डॉ. अनिल शर्मा ने उप–जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) गुरदासपुर के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है।

**शिक्षकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर होगा समाधान :** कार्यभार संभालने के अवसर पर नवनियुक्त डीईओ राजेश कुमार शर्मा (स्टेट अवार्डी) ने शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपनी इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और लगन से निभाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालय में शिक्षकों या दफ्तर से संबंधित किसी भी काम को लंबित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि यदि किसी भी शिक्षक को कोई समस्या आती है, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि राजेश कुमार शर्मा इससे पहले भी जिला गुरदासपुर में बतौर जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) अपनी बेहतरीन सेवाएं दे चुके हैं।

**सरकारी स्कूलों के स्तर को और ऊंचा उठाने का लक्ष्य :** इस दौरान नवनियुक्त डिप्टी डीईओ डॉ. अनिल शर्मा ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के मेहनती शिक्षक शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। इस विशेष मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी (एलिमेंट्री) परमजीत ने दोनों नवनियुक्त अधिकारियों को पदभार संभालने पर बधाई दी और शिक्षा विभाग की बेहतरी के लिए हर प्रकार का सहयोग देने का भरोसा जताया।

**इस मौके पर रहे उपस्थित :** इस अवसर पर सुपरडेंट प्रबोध कुमार, सुमित कुमार, अमित गुप्ता, परमिंदर सिंह, राज कुमार, प्रदीप अरोड़ा, सरबजीत सिंह, अनूदीप शर्मा, प्रिंसिपल राकेश कुमार, नवदीप सिंह, लेक्चरर नरेश कुमार और इकबाल सिंह समरा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



## 12 साल बेमिसाल : मोदी सरकार ने जालंधर और पंजाब को विकास, विश्वास और गौरव की नई पहचान दी : सुशील शर्मा

» प्रथम न्यूज । जालंधर
10 जून ( शैली अल्बर्ट )

भाजपा जिला जालंधर के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के स्वर्णिम काल के रूप में देश के इतिहास में दर्ज हुए हैं। इन 12 वर्षों में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है, वहीं पंजाब और विशेष रूप से जालंधर को विकास की अनेक ऐतिहासिक सौगातें मिली हैं।

सुशील शर्मा ने बताया कि मोदी सरकार ने पंजाब में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, रेलवे, सड़क, उद्योग और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। जालंधर सहित पूरे दोआबा क्षेत्र को राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, रेलवे सुविधाओं के आधुनिकीकरण और डिजिटल कनेक्टिविटी का व्यापक लाभ मिला है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पंजाब के लाखों किसानों के खातों में सीधे आर्थिक सहायता पहुंचाई गई है। जालंधर जिले के हजारों किसान परिवार भी इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। वहीं आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है।

मोदी सरकार ने सिख समाज की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए श्री कर्तारपुर साहिब कॉरिडोर का निर्माण कराया, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था को नया सम्मान मिला। यह निर्णय सिख समुदाय के प्रति केंद्र सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जालंधर को खेल उद्योग, खेल सामान निर्यात और लघु उद्योगों के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है।



मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया और स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से हजारों युवाओं और उद्यमियों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया गया, जिसका लाभ जालंधर के हजारों जरूरतमंद परिवारों को भी मिला। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाते हुए करोड़ों गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

आज भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत–2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जालंधर और पंजाब के विकास, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, किसानों की समृद्धि और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के स्वर्णिम अध्याय : अशोक सरीन हिकी

» प्रथम न्यूज । जालंधर
10 जून ( शैली अल्बर्ट )

भारतीय जनता पार्टी जिला जालंधर के महामंत्री अशोक सरीन हिकी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अवधि सेवा, सुशासन, विकास और गरीब कल्याण के स्वर्णिम अध्याय के रूप में देश के इतिहास में दर्ज हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विश्व पटल पर अपनी एक नई और सशक्त पहचान स्थापित की है।

अशोक सरीन हिकी ने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को आत्मसात करते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है। गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, मजदूरों और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए शुरू की गई योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं आज देश के विकास मॉडल की पहचान बन चुकी हैं। इन योजनाओं का लाभ पंजाब और जालंधर के लाखों लोगों तक भी पहुंचा है, जिससे आम जनता के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अशोक सरीन हिकी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों ने युवाओं को नए अवसर प्रदान किए हैं तथा भारत को नवाचार और उद्यमिता का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत पहले से अधिक मजबूत हुआ है। सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ कठोर नीति और वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री मोदी के सक्षम नेतृत्व का प्रमाण है। आज भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और विकसित भारत–2047 के लक्ष्य की ओर तेज गति से अग्रसर है।

अशोक सरीन हिकी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भारत और अधिक सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनकर उभरेगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर सफल नेतृत्व की कामना की।

## पंजाब भाजपा प्रधान केवल ढिल्लो से मिले शीतल अंगुराल

**केवल ढिल्लों का बेदाग, हसमुख मिलनसार स्वभाव हर पंजाबी का दिल जीतेगा-शीतल अंगुराल**

» प्रथम न्यूज । जालंधर
10 जून ( शैली अल्बर्ट )

आज जालंधर वेस्ट से पूर्व विधायक शीतल अंगुराल ने पंजाब भाजपा के नवनियुक्त प्रधान सरदार केवल सिंहढिल्लों से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट कर बधाई दी ।इस अवसर पर शीतल अंगुराल ने पंजाब की फेल सरकार,राज्य मे चरमरा चुकी क़ानून व्यवस्था,व्यापारी,दुकानदारों मे ख़ौफ़ज़दा माहौल पर खुलकर चर्चा कर पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर अपने विचार साँझा किये ।शीतल अंगुराल ने कहा पंजाब भाजपा प्रधान सरदार केवल ढिल्लों का बेदाग,हसमुख मिलनसार स्वभाव हर पंजाबी का दिल जीतेगा ।क्युकी उन्होंने अपने व्यापारिक राजनीतिक जीवन में हर ग़रीब जरूरतमंद का सहयोग समर्थन निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर किया है ।इसी वजह से हर वर्ग के लोग मे सरदार केवल सिंह ढिल्लो की नियुक्ति को लेकर ख़ुशी की लहर है।



जिसके चलते हर गांव,हर शहर के लोगो समेत हर स्तर के सरकारी कर्मचारियों मे भी भाजपा को लेकर विश्वास पैदा हो गया है की अब पंजाब पंजाबियों की रक्षा सिर्फ़ भाजपा कर सकती है ।इसलिए पंजाब को बचाने बढ़ाने विकास कराने के लिए भाजपा मजबूत बेहतर विकलप है।

शीतल ने कहा नरेंद्र मोदी और केवल सिंह ढिल्लों की जोड़ी पंजाबियो के विश्वास का सबसे बेहतर मजबूत विकल्प बनकर उबरेगी और 2027 मे भाजपा की पंजाब सरकार बनायेगी।

## संक्षिप्त न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों को सौहार्दपूर्ण निपटान के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**बिलासपुर ( जितेंद्र गौतम )**- सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर प्रतीक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को अधिक सुलभ, त्वरित एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से प्रारम्भ किए गए समाधान समारोह-2026 के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण निपटान के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई, 2026 कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यह पहल उन पक्षकारों के लिए एक सुनहरा अवसर है जिनके मामले सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं तथा जो आपसी सहमति, सुलह एवं मध्यस्थता के माध्यम से अपने विवादों का समाधान करना चाहते हैं। मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का निपटारा अपेक्षाकृत कम समय में, कम व्यय पर तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में संभव हो पाता है।

उन्होंने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 21 अप्रैल 2026 से समाधान समारोह-2026 आयोजित किया जा रहा है इस विशेष अभियान के अंतर्गत उपयुक्त मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निपटाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या में कमी लाई जा सके तथा पक्षकारों को शीघ्र न्याय प्राप्त हो सके।

प्रतीक गुप्ता ने बताया कि इस उद्देश्य के लिए एक सरल ऑनलाइन गूगल फॉर्म तैयार किया गया है, जो सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक पक्षकार निर्धारित लिंक के माध्यम से आवेदन कर अपने मामले को इस विशेष मध्यस्थता अभियान में शामिल करवा सकते हैं।

उन्होंने जिला बिलासपुर के सभी अधिवक्ताओं, वादकारियों तथा आम नागरिकों से अपील की है कि इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा उपयुक्त मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन प्रस्तुत करें। किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दूरभाष नम्बर 01978-221452 पर संपर्क कर अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

### 44 हजार से अधिक आवेदकों में 414 ने मारी बाजी, टीजीटी आर्ट्स भर्ती का अंतिम परिणाम घोषित

*हिमाचल में टीजीटी आर्ट्स के 425 पदों की भर्ती पूरी, 11 पद फिलहाल खाली*

**हमीरपुर ( एएम नाथ )** - हिमाचल प्रदेश के सरकारी प्रारंभिक शिक्षा विभाग में शिक्षक बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए), हमीरपुर ने टीजीटी (आर्ट्स) ट्रेनी के 425 पदों (पोस्ट कोड-25001) के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। कड़ी प्रतिस्पर्धा और बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया को पार करते हुए कुल 414 उम्मीदवारों ने अंतिम चयन सूची में स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही लंबी समय से भर्ती प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार कर रहे हजारों अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा समाप्त हो गई है।

आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन के अनुसार, इन पदों के लिए प्रदेशभर से 44,155 युवाओं ने आवेदन किया था। इनमें से 38,220 अभ्यर्थी कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (सीबीटी) में शामिल हुए। लिखित परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 664 उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया।

दस्तावेज जांच की प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की गई। पहला चरण 16 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चला, जबकि दूसरा चरण 1 जून को संपन्न हुआ। सभी प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों की गहन जांच के बाद 414 उम्मीदवारों को अंतिम रूप से चयनित घोषित किया गया।

हालांकि, विज्ञापित 425 पदों में से 11 पद अभी भी रिक्त रह गए हैं। आयोग के अनुसार, ओबीसी (स्वतंत्रता सेनानी आश्रित) वर्ग के 2 और एससी (स्वतंत्रता सेनानी आश्रित) वर्ग के 7 पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिल सके। वहीं, सामान्य वर्ग के 2 पदों का परिणाम न्यायालय में मामला लंबित होने के कारण फिलहाल रोका गया है। आयोग ने बताया कि सभी अभ्यर्थी अपना परिणाम, प्राप्तांक और चयन सूची आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं, जहां विस्तृत परिणाम अपलोड कर दिया गया है।

### हिमाचल पुलिस की बदलेगी पहचान, सभी फील्ड कर्मियों को मिलेगी नई कॉम्बैट यूनिफॉर्म

**शिमला ( एएम नाथ )**- हिमाचल प्रदेश पुलिस के फील्ड अधिकारियों और कर्मचारियों की वर्दी में जल्द बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। प्रदेश सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की तर्ज पर नई कॉम्बैट यूनिफॉर्म लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हाल ही में हुई मंत्रिमंडल बैठक में इस महत्वपूर्ण निर्णय पर मुहर लगाई गई। सरकार का मानना है कि नई वर्दी पुलिस बल को एक विशिष्ट, आधुनिक और पेशेवर पहचान प्रदान करेगी।

नई कॉम्बैट यूनिफॉर्म को आधुनिक आवश्यकताओं और फील्ड ड्यूटी की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। वर्दी में माइक्रो पिक्सल पैटर्न वाला विशेष डिजाइन होगा, जो इसे पारंपरिक वर्दी से अलग बनाएगा। इसके साथ जैतून हरे रंग की बेल्ट, गहरे नीले रंग की टोपी और काले रंग के युद्धक जूते शामिल होंगे। वर्दी की दोनों बाजुओं पर हिमाचल प्रदेश पुलिस का विशेष शोल्डर बैज लगाया जाएगा, जबकि सीने पर 'एचपी पुलिस' नाम की पट्टी होगी। अधिकारियों का कहना है कि यह वर्दी न केवल आकर्षक दिखेगी, बल्कि कठिन परिस्थितियों में कार्यरत पुलिस जवानों के लिए अधिक सुविधाजनक और उपयोगी भी साबित होगी।

गृह विभाग ने इस संबंध में पुलिस महानिदेशक को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नई यूनिफॉर्म की खरीद उपलब्ध बजट के भीतर ही की जाएगी और इसके लिए किसी अतिरिक्त वित्तीय बोझ की आवश्यकता नहीं होगी। वर्तमान में इस प्रकार की कॉम्बैट वर्दी केवल क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) और पुलिस मुख्यालय के मार्शल द्वारा पहनी जाती है, लेकिन अब इसे सभी फील्ड अधिकारियों और कर्मचारियों तक विस्तारित किया जाएगा।

नई कॉम्बैट यूनिफॉर्म लागू होने से हिमाचल प्रदेश पुलिस को एक समान, आधुनिक और पेशेवर स्वरूप मिलेगा। माना जा रहा है कि यह कदम जवानों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी कार्यक्षमता और पहचान को भी नई मजबूती प्रदान करेगा।

# सरकार चलाने के बजाय केवल अपना गुट ही चला रहे मुख्यमंत्री सुक्खू : जयराम ठाकुर

## पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री के उस पुराने बयान पर किया पलटवार, कहा बगावत भाजपा में नहीं बल्कि खुद कांग्रेस के भीतर हुई

» प्रथम न्यूज । ऊना
10 जून ( एएम नाथ )

हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के हरोली और टाहलीवाला में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बुधवार को शिरकत की, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के इतिहास में सर्वाधिक लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में नया कीर्तिमान स्थापित करने के उपलक्ष्य में आयोजित हवन-यज्ञ और पूजा-अर्चना में भाग लिया। टाहलीवाल के राधा-कृष्ण मंदिर में राष्ट्र की सुख, समृद्धि और प्रगति के लिए प्रार्थना करने के साथ ही उन्होंने गौसेवा भी की और भारतीय जनता पार्टी के ऊना कार्यालय में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान में भाग लेकर कार्यकर्ताओं को एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान जयराम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जब कांग्रेस के अध्यक्ष थे, तब भी वह संगठन के बजाय सिर्फ अपना गुट चलाते थे और आज मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वह सरकार चलाने के बजाय केवल अपना गुट ही चला रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के उस पुराने बयान पर पलटवार किया जिसमें



सुक्खू ने भाजपा में पांच गुट होने की बात कही थी।

जयराम ठाकुर ने स्पष्ट किया कि बगावत भाजपा में नहीं बल्कि खुद कांग्रेस के भीतर हुई है, जहां पहले वरिष्ठ नेता कौल सिंह और मंत्री चंद्र कुमार ने मोर्चा खोला और अब पूर्व सीपीएस नीरज भारती ने पूरी पोल खोलकर रख दी है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें भाजपा की चिंता करने के बजाय अपने दल की ओर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि एकजुट भाजपा ने ही उन्हें पूरे प्रदेश में करारी शिकस्त दी है और स्थानीय निकाय और पंचायतीराज चुनाव के नतीजों के बाद से बौखलाए मुख्यमंत्री को अब अपनी हार स्वीकार कर कांग्रेस की जीत के झूठे दावे बंद कर देने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने सारे कामकाज बंद कर विकास पर पूर्ण विराम लगा रखा है।

इस दौरान उन्होंने स्पोर्ट्स हॉस्टल, सरकाघाट की प्रतिभाशाली बास्केटबॉल खिलाड़ी काव्या शर्मा के वर्ल्ड स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप (सर्बिया) के लिए भारतीय टीम में चयन होने पर उन्हें बधाई दी और इसे पूरे हिमाचल के लिए गर्व का विषय बताया। इस अवसर पर उनके साथ ऊना स्थित पार्टी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री संगठन शिव प्रकाश, सांसद अनुराग ठाकुर और भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन सहित हिमाचल भाजपा के अन्य नेता भी साथ रहे।

# भरमौर के खनबगा गांव में बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीण परेशान, शिकायतों के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

## बड़ग्राम पंचायत के खनबगा में बिजली व्यवस्था बदहाल, लोगों में बढ़ रहा रोष

» प्रथम न्यूज । भरमौर (चम्बा)
10 जून ( एएम नाथ )

उपमंडल भरमौर की बड़ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले खनबगा गांव में बिजली विभाग की कथित लापरवाही से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से बिजली व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं बनी हुई हैं, लेकिन विभाग को कई बार अवगत करवाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली लाइनों और उपकरणों से संबंधित समस्याओं के कारण लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थिति की जानकारी दी गई, लेकिन शिकायतों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। इससे लोगों में विभाग के प्रति असंतोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिजली जैसी बुनियादी सुविधा में




लापरवाही का सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ रहा है। विद्यार्थियों की पढ़ाई, घरेलू कार्यों तथा अन्य दैनिक गतिविधियों में भी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। ग्रामीणों ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

गांववासियों ने बिजली विभाग से मांग की है कि खनबगा गांव की समस्याओं का शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत और सुधार कार्य किए जाएं। साथ ही उन्होंने प्रशासन से भी मामले में हस्तक्षेप कर ग्रामीणों को राहत दिलाने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अब विभाग से जल्द सकारात्मक कदम उठाए जाने की उम्मीद कर रहे हैं।

# 15 जून तक चंबा प्रवास पर रहेंगे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया

## नवनिर्वाचित प्रधानों और उप-प्रधानों को शपथ दिलाएंगे विधानसभा अध्यक्ष

» प्रथम न्यूज । चम्बा
10 जून ( एएम नाथ )

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 15 जून तक जिला चंबा के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न सरकारी

### मिंजर मेला-2026 की तैयारियों की समीक्षा करेंगे कुलदीप सिंह पठानिया

कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ-साथ विकास एवं प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा भी करेंगे। विभागीय प्रवक्ता द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष 11 जून को प्रातः 11:30 बजे तीसा में वर्चुअल माध्यम से हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड एवं एपीएमसी द्वारा निर्मित फल एवं सब्जी उप-बाजार यार्ड का लोकार्पण करेंगे। इस



परियोजना से क्षेत्र के किसानों और बागवानों को अपनी उपज के बेहतर विपणन की सुविधा मिलने की उम्मीद है। प्रवास कार्यक्रम के तहत 15 जून को दोपहर 12:00 बजे ऐतिहासिक चौगान में आयोजित समारोह में विधानसभा अध्यक्ष पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उप-प्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इस अवसर पर जिले के विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

इसके बाद दोपहर 3:00 बजे कुलदीप सिंह पठानिया अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2026 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में मेले के सफल आयोजन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं और तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष का यह दौरा प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें विकास कार्यों और आगामी आयोजनों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# शिमला ग्रीष्मोत्सव के तहत उपायुक्त ने किया जिला मिनी बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारम्भ




**10 से 13 जून तक होगा अंडर 11, 13 और 15 (बॉयज एवं गर्ल्स) का आयोजन**

» प्रथम न्यूज । शिमला
10 जून ( बी.शर्मा )

शिमला जिला मिनी बैडमिंटन चैंपियनशिप अंडर 11, 13 और 15 (बॉयज एवं गर्ल्स) का आगाज आज इंदिरा गांधी खेल परिसर में किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने की। सहायक आयुक्त देवी चंद ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव 2026 के तहत 10 जून से लेकर 13 जून 2026 तक आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप में पूरे जिला से लगभग 180 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें चैंपियनशिप की रूपरेखा से अवगत करवाया। उपायुक्त शिमला ने सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थी के जीवन में पढ़ाई के साथ साथ खेल का भी महतवपूर्ण स्थान है। उन्होंने बैडमिंटन एसोसिएशन को बधाई देते हुए कहा कि यह एसोसिएशन हर वर्ष ऐसी गतिविधियां आयोजित कर बच्चों को खेलने के लिए प्रेरित करते हैं जोकि सराहनीय है। उन्होंने बच्चों के माता-पिता को भी बधाई दी जो बच्चों को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए मेहनत करते हैं। उपायुक्त ने कहा कि आज लड़कियां हर क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। खेलों में लड़कियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों को नशे से दूर रहते हुए खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अपने माता-पिता के साथ प्रदेश और देश का नाम रोशन करने के अथक प्रयास करने चाहिए। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बलवंत झौटा ने धन्यवाद संबोधन प्रस्तुत किया। इस दौरान एसोसिएशन के सचिव सुमित धौता, अन्य पदाधिकारी तथा प्रतिभागी बच्चे उपस्थित रहे।

# मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व में स्थापित की नई पहचान : विनोद कुमार

## देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर राम मंदिर में हुआ विशेष हवन

» प्रथम न्यूज । शिमला
10 जून ( बी.शर्मा )

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज राम मंदिर, शिमला में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्वस्थ, दीर्घ एवं सफल जीवन की कामना के लिए विशेष हवन एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 जून 2026 को भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इसी ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हवन एवं प्रार्थना कर उनके उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्रसेवा के संकल्प की निरंतर सफलता की कामना की।

इस अवसर पर भाजपा हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं विधायक श्री विनोद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा, समर्पण और जनकल्याण का पर्याय है।

आज पूरा देश उनके नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार होते हुए देख रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार तीन बार जनता का विश्वास प्राप्त कर प्रधानमंत्री बनना



और सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देना लोकतंत्र में जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है।

विनोद कुमार ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। गरीब कल्याण की योजनाओं के माध्यम से 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया गया, 4 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला तथा उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन और शौचालय निर्माण जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों का जीवन आसान बनाया है।

उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए करोड़ों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा देश में स्टार्टअप संस्कृति को नई पहचान मिली है। किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से सीधे आर्थिक सहायता प्रदान की गई है और न्यूनतम समर्थन मूल्य में लगातार वृद्धि कर किसानों को सशक्त बनाया गया है।

विनोद कुमार ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है। वहीं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जनधन खाते, स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। भारत आज विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और रक्षा, बुनियादी ढांचे, डिजिटल तकनीक तथा वैश्विक कूटनीति के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, महाकाल लोक और केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण जैसे कार्य भारत की सांस्कृतिक विरासत और विकास को साथ लेकर चलने की सोच को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, सुशासन और विकास के नए युग की ओर अग्रसर है।

कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न हुआ तथा उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन तथा राष्ट्र की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम में संजय सूद, कर्ण नंदा, कमलजीत सूद, गणेश दत्त राजीव पंडित, रमा ठाकुर, सुदीप महाजन, संजीव चौहान, संजीव देशटा, रमेश चौंजर, सुनील धर, राजीव सूद, रूपा शारदा, सीमा सूद, अनीता सूद, जिया लाल, प्रेम चौहान, सरोज, परीक्षत शर्मा, राजू ठाकुर और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेजिस पुष्प प्रदर्शनी संपन्न, विजेताओं को किया गया सम्मानित

» प्रथम न्यूज । शिमला
10 जून ( बी.शर्मा )

सेजिस (SAGES) द्वारा आयोजित वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रदर्शनी में विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट पुष्पों, सजावटी पौधों तथा उद्यानिकी कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों एवं निर्णायकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

समूह श्रेणी में कार्नेशन वर्ग में लक्ष्मी दास को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। लिलियम श्रेणी में भुवनेश्वर कुमार प्रथम तथा ओम प्रकाश द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार, ग्लैडियोलस श्रेणी में राजेन्द्र कुमार ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया और गुलाब श्रेणी में केशव राम प्रथम एवं अवंतिका द्वितीय स्थान पर रहीं। एल्स्ट्रोमीरिया श्रेणी में हॉर्टिकल्चर विभाग के शिशुराम को प्रथम पुरस्कार मिला। इसके अतिरिक्त, सीजल श्रेणी में मोहन लाल प्रथम तथा अरुण कुमार द्वितीय रहे। वहीं सीज़नल फ्लावर्स श्रेणी में भी मोहन लाल ने प्रथम और अरुण कुमार ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

व्यक्तिगत श्रेणी में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। श्रीमती गीता दत्ता ने सर्वाधिक 07 पुरस्कार अर्जित किए, जबकि मेजर



ऋतु कालरा और श्रीमती सुरभि करोल ने 05-05 पुरस्कार अपने नाम किए। समग्र उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं आकर्षक प्रस्तुति के लिए श्रीमती सुरभि करोल को 'बेस्ट एग्ज़िबिटर' सम्मान से नवाज़ा गया। इसके अतिरिक्त श्री स्वराज ललित एवं ए.पी.एस. कोच्छर ने 02-02 पुरस्कार प्राप्त किए, जबकि श्री सतीश भल्ला को भी उनकी उत्कृष्ट पुष्प प्रविष्टियों के लिए सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित विविध पुष्पों एवं सजावटी पौधों ने स्थानीय बागवानी प्रेमियों की रचनात्मकता, सौंदर्य बोध और प्रकृति के प्रति समर्पण का सुंदर परिचय दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शकों ने प्रदर्शनी की सराहना की तथा इसे अत्यंत आकर्षक एवं प्रेरणादायक बताया। इस वर्ष प्रदर्शनी के दौरान डिजिटल विज़िटर बुक की व्यवस्था भी की गई, जिसमें आगंतुकों ने अपने सुझाव एवं प्रतिक्रियाएँ दर्ज कीं। सेजिस की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा भारद्वाज ने जिला प्रशासन द्वारा प्रदान किए गए सहयोग एवं हर संभव सहायता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, विभागों, प्रायोजकों, स्वयंसेवकों एवं आगंतुकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रदर्शनी की सफलता बागवानी, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति लोगों के बढ़ते लगाव का प्रमाण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में यह आयोजन और अधिक भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में आयोजित किया जाएगा।

# आरती ठाकुर ने बढ़ाया चंबा का मान, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मिला सर्वश्रेष्ठ शोध प्रस्तुति पुरस्कार

## चंबा की बेटी का राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच पर परचम, प्लास्टिक जैव-अपघटन शोध के लिए सम्मानित

» प्रथम न्यूज । चंबा
10 जून ( एएम नाथ )

जिला चंबा के गादियाडा गांव (पोस्ट ऑफिस ब्रेही) की प्रतिभाशाली बेटी सुश्री आरती ठाकुर ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं शोध उपलब्धियों से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे चंबा और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। वर्तमान में मोहल्ला शिवनगरी, पोस्ट ऑफिस मैहला निवासी आरती ठाकुर असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट के आणविक जीवविज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग में पीएच.डी. शोधार्थी के रूप में अनुसंधान कार्य कर रही हैं। हाल ही में उन्हें गौहाटी विश्वविद्यालय, असम में आयोजित 5वें बायोटिक साइंस कांग्रेस एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में उनके उत्कृष्ट वैज्ञानिक शोध कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ शोध प्रस्तुति पुरस्कार (Best Research Presentation Award) से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें गैलेरिया मेलोनेला




(Greater Wax Moth) की पॉलीमर-पाचन क्षमता तथा उसके आंत-संबद्ध सूक्ष्मजीव समुदाय की प्लास्टिक जैव-अपघटन में संभावित भूमिका पर किए गए शोध के लिए प्रदान किया गया। उनका शोध प्लास्टिक प्रदूषण जैसी वैश्विक समस्या के समाधान हेतु सतत जैव-उपचार रणनीतियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। आरती ठाकुर ने जैव प्रौद्योगिकी विषय में स्नातक शिक्षा डॉ. वाई.एस. परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री, हिमाचल प्रदेश से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) की प्रतिष्ठित जूनियर रिसर्च फेलोशिप (JRF) परीक्षा उत्तीर्ण कर पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना से आणविक जीवविज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विषय में एम.एससी. की उपाधि हासिल की। उन्होंने आईसीएआर-सीनियर रिसर्च फेलोशिप (SRF) भी प्राप्त की और वर्तमान में असम कृषि विश्वविद्यालय में पीएच.डी. अनुसंधान कर रही हैं। अपनी सफलता का श्रेय आरती ठाकुर ने अपने माता-पिता श्री सैन सिंह ठाकुर एवं श्रीमती इच्छिया देवी को दिया। उन्होंने कहा कि उनके निरंतर प्रोत्साहन, त्याग और आशीर्वाद ने उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

साथ ही उन्होंने अपने शोध-निर्देशक डॉ. बी.के. बोरा के मार्गदर्शन और सहयोग के प्रति भी आभार व्यक्त किया। आरती ठाकुर की यह उपलब्धि जिला चंबा और समूचे हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उनकी सफलता ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं और युवा शोधार्थियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती है।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हरियाणा न्यूज
Website : www.prathamnews.in



## संक्षिप्त न्यूज

### शराब तस्करी के अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपी काबू, 51 बोतल शराब बरामद

**कैथल ( कृष्ण गर्ग ) :** अवैध शराब तस्करों व अवैध शराब खुर्दों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को 51 बोतल देसी शराब सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में चौकी पुंडरी पुलिस के एएसआई प्रवीन कुमार की टीम द्वारा गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत पुंडरी से कैथल रोड पर स्थित पेट्रोल पंप में दबिश सड़क किनारे कट्टा रख शराब बेच रहे आरोपी पुंडरी निवासी सुनील कुमार को काबू कर लिया गया।

जांच दौरान आरोपी को कब्जे में प्लास्टिक कट्टे से 14 बोतल देसी शराब बरामद हुई। दूसरे मामले में थाना ढांड पुलिस के पीएसआई गगनदीप व एचसी संजीव कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर गांव चंदलाना में पुराने ठेका पर गांव हाबड़ी निवासी आशीष कुमार को काबू कर लिया गया। जहां जांच दौरान आरोपी के कब्जे में प्लास्टिक कट्टे से 25 बोतल व 48 पव्वे देसी शराब बरामद हुई। दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग अलग थाना में अलग अलग मामले दर्ज करके पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### विदेश भेजने के नाम पर करीब 6 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एंटी ऐमिग्रेशन सैल द्वारा आरोपी काबू, 2 दिन का पुलिस रिमांड हासिल


**कैथल ( कृष्ण गर्ग ) :** विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर आमजन से ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही लक्समबर्ग भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने के एक मामले की जांच एंटी ऐमिग्रेशन सैल प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई रणधीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव शिल्ला खेड़ा निवासी गुरविंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की डोगरा गेट कैथल निवासी शरणदीप सिंह और निर्मल सिंह की शिकायत अनुसार वे विदेश जाने के इच्छुक थे। 10 अगस्त 2025 को सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी बातचीत आरोपी गुरविन्द्र सिंह से हुई। इसके बाद 12 अगस्त 2025 को ढांड रोड कैथल पर मुलाकात के दौरान आरोपी ने उन्हें लक्समबर्ग में अच्छी नौकरी दिलाने तथा विदेश भेजने का भरोसा दिया। उन्होंने 14 अगस्त 2025 को अपना-अपना पासपोर्ट, शैक्षणिक दस्तावेजों की कॉपी आरोपियों को दे दी। आरोपी ने वीजा, ऑफर लेटर, कॉन्ट्रैक्ट, टिकट, एम्बेसी खर्च, डॉलर तथा एफिडेविट आदि के नाम पर अलग-अलग किश्तों में उनसे कुल 6,02,600 रुपये प्राप्त कर लिए। रुपये लेने के बाद आरोपियों ने कहा कि लक्जमबर्ग में जिस व्यक्ति के पास तुम्हें नौकरी मिलेगी उसके साथ कॉन्ट्रेक्ट करना होगा। कुछ समय बाद जब उन्होंने आरोपियों से वीजा के बारे में पूछा तो आरोपी टाल-मटोल करने लगे। बाद में उनके फोन उठाने भी बंद कर दिए। जब वे आरोपियों से उनके पास जाकर मिले तो कहा कि तुम्हारा काम जल्दी ही हो जाएगा। फिर भी उनको विदेश नहीं भेजा। दस्तावेज व रुपये वापस मांगे तो उनको जान से मारने की धमकी दी। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। व्यापक पूछताछ के लिए आरोपी का न्यायालय से 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

### गांजा सप्लाई मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा सप्लायर काबू

**कैथल ( कृष्ण गर्ग ):** एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचकर नशा सप्लाई करने वालों पर शिकंजा कसते हुए सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में के एएसआई गुरदान सिंह की टीम द्वारा गांजा सप्लायर आरोपी शोरगिर बस्ती जिला कुरुक्षेत्र निवासी सूरज राणा को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 जून को सीआईए-1 पुलिस के एएसआई रघुबीर सिंह की टीम द्वारा कैथल-कुरुक्षेत्र रोड स्थित हांसी-बुटाना नहर पुल के समीप नाकाबंदी दौरान महिन्द्रा सुपरो में सवार आरोपी गांव बारवां जिला कुरुक्षेत्र निवासी बलदेव सिंह उर्फ कालू व रवि को एक प्लास्टिक कट्टे से 20 किलो 780 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबु किया गया था। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में मामला दर्ज करके आगामी जांच एएसआई गुरदान सिंह द्वारा अमल में लाई गई। आगामी जांच दौरान खुलासा हुआ कि दोनो आरोपियों को यह गांजा फुल पत्ती आरोपी सूरज कुमार उपरोक्त द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। आरोपी का न्यायालय से व्यापक पूछताछ के लिए 3 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

### दुकान में चोरी मामले में नाबालिग सहित 2 पकड़े

**कैथल ( कृष्ण गर्ग ):** थाना शहर कैथल पुलिस ने छोटी मंडी स्थित एक पंसारी की दुकान में हुई चोरी के मामले को सुलझाते हुए एक नाबालिग को निरुद्ध करने के अतिरिक्त एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जीटीबी कॉलोनी निवासी अमन गोयल की शिकायत अनुसार 15 मई की रात अज्ञात चोर उनकी कली राम पंसारी नामक दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुस गए और गल्ले से करीब 40 हजार रुपये की नकदी तथा 7-8 हजार रुपये मूल्य का सामान चोरी कर ले गए। शिकायत पर थाना शहर कैथल में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में एसआई सुभाष तथा एसआई सत्यवान की टीम द्वारा करते हुए हुए रामनगर कैथल निवासी 17 वर्षीय किशोर को निरुद्ध किया गया तथा रामनगर कैथल निवासी आरोपी शंभू को गिरफ्तार कर लिया गया। नाबालिग व शंभू से 2 हजार रुपये तथा एक दवाइयों का डिब्बा बरामद किया गया हैं। आरोपी शंभू को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

# हरियाणा के सेवाभाव और आतिथ्य के मुरीद हुए मेहमान

## विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने जताया आभार ,कहा- सुव्यवस्था से ही सार्थक चर्चा का मंच बना सम्मेलन

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
10 जून ( मुकेश डोलिया )

हरियाणा विधान सभा की मेजबानी में 8-9 जून को आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के जोन-II सम्मेलन ने भव्य आयोजन और उत्कृष्ट मेजबानी की नई मिसाल पेश की। इसके लिए विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सम्मेलन की गरिमा बढ़ाने के लिए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश, हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह को पत्र लिखकर विशेष रूप से आभार जताया है। विस अध्यक्ष ने सम्मेलन में भागीदार उत्तर क्षेत्र के पांचों राज्यों के साथ-साथ विभिन्न राज्य विधान मंडलों से आए पीठासीन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का भी आभार जताया। विस अध्यक्ष कल्याण ने कहा कि इन सभी प्रतिभागियों ने सार्थक चर्चा कर लोकतांत्रिक संवाद को मजबूती प्रदान की है। इस दौरान भविष्य की चुनौतियों पर गंभीर विमर्श करते हुए 'विकसित भारत-2047' के विजन को साकार करने के रास्ते तलाशे गए। वक्ताओं ने कहा कि इस सपने को साकार करने में जहां सदन के सदस्यों की अहम भूमिका है, वहीं इसके लिए समाज का जागरूक होना भी अति जरूरी है।

दो दिवसीय सम्मेलन में नॉर्थ जोन के पांचों राज्यों सहित 13 विधान मंडलों के पीठासीन तथा उप-पीठासीन अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें से लगभग 40 प्रतिभागियों ने निर्धारित विषय पर विचार रखे। उन्होंने हरियाणा के राज्य गीत की पंक्ति 'अतिथि देवो भव:, यहां सेवा धर्म निभाणा' का उल्लेख करते हुए राज्य की आतिथ्य परंपरा की विशेष रूप से प्रशंसा की।

विस अध्यक्ष ने कहा कि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में हरियाणा विधान सभा का सदन 'लघु भारत' का स्वरूप प्रस्तुत करता नजर आया, जहां विभिन्न राज्यों और दलों के जनप्रतिनिधि एक साथ बैठे दिखाई दिए। इस व्यवस्था की प्रतिभागियों ने विशेष सराहना की।

सम्मेलन के समापन पर 4 लिखित संकल्प पारित किए गए, जबकि उत्कृष्ट मेजबानी और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के प्रति आभार का एक अलिखित प्रस्ताव भी ध्वनिमत से स्वीकार किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण बुधवार को मेहमानों को सादर विदा करने में व्यस्त रहे। उन्होंने प्रत्येक अतिथि का सहयोग करने के लिए जहां संपर्क अधिकारी तैनात किए थे, वहीं वे व्यक्तिगत रूप से हर किसी की चिंता करते रहे। विधान सभा अध्यक्ष ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह, प्रदेश सरकार, उसके सभी विभागों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार और विधान सभा के अधिकारियों, कर्मचारियों की दिनरात की मेहनत और लग्न से इस आयोजन को भव्य रूप दिया जा सका। विस अध्यक्ष ने मीडियाकर्मियों का भी विशेष रूप से आभार जताते हुए कहा कि समाचार माध्यमों ने रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए सम्मेलन के विमर्श को जनमानस तक पहुंचाया है। इसे समाज में संवैधानिक मूल्यों के लिए निष्ठा और प्रगाढ़ हुई है।



### वॉल ऑफ मैमोरी बनी आकर्षण का केंद्र

सम्मेलन के मुख्य सभागार पास 'वॉल ऑफ मैमोरी' स्थापित की गई। इस पर विभिन्न राज्यों के जन-प्रतिनिधियों ने इस आयोजन पर अपनी आगंतुक टिप्पणी अनूठे अंदाज में प्रस्तुत की। प्रतिभागियों ने इस मंच को सीखने की अद्भुत कवायद और लोकतांत्रिक मूल्यों की अतुलनीय व्याख्या बताया। उन्होंने अपनी टिप्पणी में इसे अच्छा प्रयास और महान अनुभव करार दिया। इसे भविष्य पर फलदायी चिंतन के लिए सुव्यवस्थित आयोजन भी बताया गया। यहां बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव सांझा किए।

**संसदीय अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र :** सम्मेलन के पहले दिन लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'संसदीय अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र' का उद्घाटन किया। इस केंद्र से विधायकों, समिति अध्यक्षों तथा उनके सदस्यों को तथ्यपरक शोध, विश्लेषण एवं संदर्भ सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। यह केंद्र विधायी एवं संसदीय कार्यों के प्रभावी संचालन में सहयोग प्रदान करेगा तथा उत्कृष्ट संसदीय और विधायी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे कार्य करेगा।

**लोकतंत्र दीर्घा :** सम्मेलन के पहले दिन विधान परिसर में लोकतंत्र दीर्घा का भी उद्घाटन किया। यह दीर्घा का उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से विद्यार्थियों एवं युवाओं को भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा विधायिका की कार्यप्रणाली से परिचित कराना है। यह दीर्घा आगंतुकों को विधानसभा की भूमिका, विधायी प्रक्रिया तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं के महत्व की जानकारी सरल एवं आकर्षक माध्यमों से प्रदान करती है।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए ई-बस:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और ईंधन की खपत कम करने के आह्वान का पालन करते हुए सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधियों और अधिकारियों के आवागमन की कुछ मार्गों पर ई-बसों के माध्यम से व्यवस्था की गई। इस पहल से न केवल पेट्रोलियम पदार्थों की खपत में कमी आई, बल्कि बड़े वाहनों के सामूहिक उपयोग से परिवहन व्यय में भी उल्लेखनीय बचत हुई। सभी पीठासीन अधिकारियों, माननीय राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित बड़ी संख्या में विशिष्ट अतिथियों ने इन बसों से सफर किया।

**नाटक मंचन :** सोमवार को उद्घाटन सत्र के बाद सेक्टर-18 स्थित टैगोर थियेटर में संवैधानिक मूल्यों पर आधारित विशेष रंगमंचीय प्रस्तुति 'संविधान के नायक' नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक की विशेष स्क्रिप्ट तैयार करवाई गई थी। इसका उद्देश्य संविधान के आदर्शों, मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। रास कला मंच के कलाकारों ने यह प्रस्तुति दी। इस नाटक मंचन को दोनों राज्यों के राज्यपाल, लोक सभा अध्यक्ष, राज्य सभा उप-सभापति, मुख्यमंत्री, विधान सभा अध्यक्ष, मंत्रीगण, सदस्यगणों ने देखा।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग की चपेट में आए सात मोटरसाइकिल, दो लोग झुलसे

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
10 जून ( पुनीत महाजन )

हरयोली-हंगोली सड़क मार्ग पर स्थित एक फैक्टरी के बाहर लगे बिजली ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि ट्रांसफार्मर के निकट खड़े सात मोटरसाइकिल इसकी चपेट में आकर बुरी तरह जल गए। हादसे के दौरान आग बुझाने और वाहनों को सुरक्षित स्थान पर हटाने का प्रयास कर रहे दो लोग झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। यदि आग आसपास के क्षेत्र में फैल जाती तो जान-माल का नुकसान और अधिक हो सकता था।



घटना के बाद फैक्टरी परिसर के बाहर पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों का कहना है कि फैक्टरी में पर्याप्त पार्किंग सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण कर्मचारियों को अपने वाहन सड़क किनारे अथवा ट्रांसफार्मर के आसपास खड़े करने पड़ते हैं। ऐसे में इस हादसे के बाद वाहनों को हुए नुकसान की जिम्मेदारी किसकी होगी, यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

सूचना मिलते ही संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है तथा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग सुविधाओं में सुधार किया जाए।

## जमीन बेचने के नाम पर 80 लाख रुपए ठगी मामले में इकनॉमिक सैल द्वारा अन्य आरोपी काबू, 5 आरोपी पहले किए जा चुके गिरफ्तार

» प्रथम न्यूज । कैथल
10 जून ( कृष्ण गर्ग )

आमजन से ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए जमीन बेचने के नाम पर 80 लाख ठगी मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई कुलबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जीरकपुर जिला मोहाली पंजाब निवासी ब्रिज मोहन को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव डयोढखेड़ी निवासी शीशपाल व जोगिंद्र की शिकायत अनुसार वह दोनों भूमि खरीदना चाहते थे। जो डीलर का काम करने वाले खेड़ी निगरा पटियाला पंजाब निवासी कर्मजीत, समाना पंजाब निवासी जोगिंद्र सिंह व अंग्रेज सिंह उनसे मिले व कई गांव में जमीन दिखाई। उन्होने उन्हे गांव शादीपुर तहसील गुहला में 50 कनाल 15 मरले भूमि दिखाई।



जो भूमि उन्हें पसंद आ गई। डीलरों द्वारा उन्हे जमीन के मालिक कहकर गांव पलौंदिया जिला पटियाला पंजाब निवासी अमरजीत सिंह व कमलजीत सिंह से मिलवाया और कहा कि यह जमीन इनकी है। 37 लाख 75 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से उनका सौदा तय हो गया। 12 मार्च को 60 लाख रुपए बयाना देकर इकरारनामा करवा दिया गया। 21 अप्रैल को उन्होने 20 लाख रुपए और दे दिए। तथा रजिस्ट्री की तारीख 22 मई तय हुई। 22 मई को वह रजिस्ट्री करवाने के लिए तहसील गुहला गए परंतु आरोपीगण वहां नहीं पहुंचे। उन्होंने गांव शादीपुर पहुंचकर पता किया तो उन्हें पता चला कि आरोपीगण ने षड्यंत्र रचकर यह धोखाधड़ी की है।

उनसे अमरजीत, कमलजीत कहकर मिलवाए गए व्यक्ति भी असल में इस नाम के व्यक्ति नहीं है। जिस धोखाधड़ी बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया।

आरोपी ब्रिज मोहन ने जमीन के असली मालिक अमरजीत के नाम से फर्जी दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड व ब्याना तैयार कर अपने आप को अमरजीत बताया था। उक्त मामले में 5 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। व्यापक पूछताछ के लिए आरोपी का अदालत से 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित

### मेयर सौरभ जोशी ने श्रद्धालुओं के साथ की प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
10 जून ( पुनीत महाजन )

चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने आज सेक्टर-24 सी स्थित भगवान महर्षि वाल्मीकि शक्ति पीठ में आयोजित एक विशेष प्रार्थना सभा में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों के साथ सहभागिता की। यह प्रार्थना सभा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ऐतिहासिक नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई, जिसमें उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सफल नेतृत्व के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई।

यह आध्यात्मिक कार्यक्रम परम आदरणीय पीठाधीश्वर नवीन सरहदी महाराज के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं स्थानीय निवासियों ने भाग लिया और देश की उन्नति, समृद्धि तथा प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की।



इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सेवा, सुशासन और परिवर्तनकारी नेतृत्व के 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण किए हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास, राष्ट्रीय गौरव और वैश्विक पहचान के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्वतंत्र भारत के इतिहास में दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं, जो देशवासियों के उनके नेतृत्व पर अटूट विश्वास का प्रतीक है।

मेयर जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने आधारभूत संरचना, डिजिटल नवाचार, सामाजिक कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। उन्होंने कहा कि आज आयोजित प्रार्थना सभा देशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और शुभकामनाओं की अभिव्यक्ति है। सभा में देश में शांति, सौहार्द, समृद्धि और निरंतर विकास की भी कामना की गई तथा आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को दोहराया गया।

कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं एवं उपस्थित नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र की निरंतर प्रगति, वैभव और गौरव के लिए प्रार्थना की।

## सौर परियोजनाओं की लागत में अचानक भारी वृद्धि, उपभोक्ताओं के लिए सोलर सिस्टम लगवाना हुआ महंगा

### एएलएमएम-2 लागू होने से सौर परियोजनाओं की लागत में भारी वृद्धि, पंजाब के सोलर वेंडर्स ने केंद्र से मांगी मोहलत

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
10 जून ( मुकेश डोलिया )

सोलर एनर्जी वेंडर्स एसोसिएशन, पंजाब ने केंद्र सरकार और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जामंत्रालय (एमएनआरई) से एप्रूव्ड लिस्ट ऑफ़ मॉडल्स एंड मैन्युफैक्चरर्स (एएलएमएम)-2 के तहत डीसीआर (डोमेस्टिक कंटेंट रिक्वायरमेंट) सोलर पैनलों की अनिवार्यता को तत्काल प्रभाव से लागू करने के फैसले पर पुनर्विचार करने तथा इसके क्रियान्वयन को आगे बढ़ाने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और भारत को नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य का वह समर्थन करती है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में इस नीति के लागू होने से सौर उद्योग गंभीर संकट का सामना कर रहा है। चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि डीसीआर और एनडीसीआर पैनलों के बीच मूल्य अंतर वर्तमान में 10,000 से 14,000 रुपये प्रति किलोवाट तक पहुंच चुका है, जबकि वर्ष 2020 में यह अंतर मात्र 2,000 रुपये प्रति किलोवाट था। इससे सौर परियोजनाओं की लागत में अचानक भारी वृद्धि हुई है और उपभोक्ताओं के लिए सोलर सिस्टम लगवाना महंगा हो गया है।

एसोसिएशन के अनुसार हजारों सौर परियोजनाएं एनडीसीआर पैनलों की कीमतों के आधार पर स्वीकृत और योजनाबद्ध की गई थीं। अब बढ़ी हुई लागत के कारण सौर विक्रेताओं को इन परियोजनाओं को पूरा करने में वित्तीय और परिचालन संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं कई उपभोक्ता नई परियोजनाओं को स्थगित या रद्द कर रहे हैं। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि बाजार में डीसीआर पैनलों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, जिसके कारण परियोजनाओं में देरी हो रही है। उनका आरोप है कि वर्तमान स्थिति का लाभ केवल कुछ बड़े घरेलू निर्माताओं को मिल सकता है, जबकि प्रतिस्पर्धा की कमी से कीमतों में और वृद्धि होने की आशंका है।




एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि परियोजनाओं की लागत लगातार बढ़ती रही और पैनलों की आपूर्ति में कमी बनी रही तो इससे आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों में सौर ऊर्जा को अपनाने की रफ्तार धीमी पड़ सकती है, जिससे भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों पर भी असर पड़ सकता है।

एसोसिएशन ने केंद्र सरकार और एमएनआरई से देशभर में डीसीआर पैनलों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, कीमतों को नियंत्रित करने, पारदर्शी मूल्य निर्धारण प्रणाली लागू करने तथा सभी श्रेणियों की सौर परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता और सब्सिडी उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा नीति लागू होने से पहले स्वीकृत परियोजनाओं के लिए पर्याप्त संक्रमण अवधि देने का भी आग्रह किया गया।

प्रेस वार्ता के दौरान पंजाब से जुड़ी समस्याओं को भी उठाया गया। एसोसिएशन ने कहा कि पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) द्वारा हाल ही में लागू किए गए नए सॉफ्टवेयर के कारण राज्य में सौर परियोजनाओं की स्वीकृतियों, व्यवहार्यता रिपोर्ट, कार्य पूर्णता प्रमाणन, मीटर स्थापना, लोड वृद्धि और उपभोक्ताओं के नाम परिवर्तन जैसी प्रक्रियाओं में देरी हो रही है। इसके अलावा बिजली वितरण कंपनियों में ऊर्जा मीटरों की कमी भी परियोजनाओं को प्रभावित कर रही है। एसोसिएशन ने केंद्र और संबंधित विभागों से उद्योग प्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित कर समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की अपील की है ताकि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा, घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन और भारत के नवीकरणीय ऊर्जा मिशन की गति बरकरार रखी जा सके।

आज का
## संपादकीय

# पूंजी बाजार में भरोसे का संकट

भारत का पूंजी बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है। डीमैट खातों की संख्या लगातार बढ़ रही है, छोटे शहरों और कस्बों से नए निवेशक शेयर बाजार में आ रहे हैं और एसआइपी–म्यूचुअल फंड ने आम परिवारों को इक्विटी निवेश से जोड़ दिया है। ऐसे समय में राजेश एक्सपोर्ट्स से जुड़ा हालिया मामला केवल एक कंपनी का विवाद नहीं, बल्कि भारत में कारपोरेट गवर्नेंस, आडिट गुणवत्ता, नियामकीय सतर्कता और छोटे निवेशकों के भरोसे की गंभीर परीक्षा है। सेबी के अंतरिम आदेश में राजेश एक्सपोर्ट्स पर बड़े पैमाने पर राजस्व के गलत प्रस्तुतीकरण का आरोप लगाया गया है। वित्त वर्ष 2021 से 2025 के बीच लगभग ?15.15 लाख करोड़ रुपये के राजस्व को गलत ढंग से प्रस्तुत करने की बात कही गई है। यह आंकड़ा इतना बड़ा है कि इसे सामान्य लेखा–त्रुटि नहीं कहा जा सकता। हालांकि कंपनी ने इन आरोपों को अस्वीकार करते हुए कहा कि यह मामला उसकी स्विस सहायक कंपनी के राजस्व को समझने और प्रस्तुत करने से जुड़े भ्रम का परिणाम है। इसलिए अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही निकाला जाना चाहिए। फिर भी, यदि किसी सूचीबद्ध कंपनी के राजस्व आंकड़ों और नियामक की समझ में इतना बड़ा अंतर है तो यह पूरे बाजार ढांचे के लिए चेतावनी है।

राजेश एक्सपोर्ट्स स्वर्ण शोधन, आभूषण निर्माण और निर्यात से जुड़ी बड़ी कंपनी है। जब किसी भारतीय सूचीबद्ध कंपनी की आय का बड़ा हिस्सा विदेशी सहायक कंपनियों और सीमा–पार लेखांकन पर आधारित हो तो उसके प्रकटीकरण की जिम्मेदारी सामान्य कंपनियों से कहीं अधिक बढ़ जाती है। निवेशकों को यह जानने का अधिकार है कि राजस्व किस इकाई से आया, किन ग्राहकों से आया, नकदी में उसका रूपांतरण कैसा रहा, देय राशियां कितनी वास्तविक हैं और सहायक कंपनियों के खातों का स्वतंत्र सत्यापन किस स्तर पर हुआ।

यदि किसी कंपनी में म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों, बैंकों या अन्य सार्वजनिक वित्तीय संस्थाओं की हिस्सेदारी है तो सवाल केवल कंपनी प्रबंधन पर नहीं, बल्कि इन संस्थाओं की जांच–पड़ताल पर भी उठता है। भारत में छोटे निवेशक अक्सर मान लेते हैं कि यदि किसी कंपनी में बड़ी संस्थाओं की हिस्सेदारी है तो वह कंपनी सुरक्षित होगी, लेकिन संस्थागत निवेश हमेशा सुशासन की गारंटी नहीं होता। सत्यम घोटाले ने दिखाया कि नकदी और बैंक बैलेंस जैसे आंकड़े भी काल्पनिक हो सकते हैं। आइएलएंडएफएस संकट ने अत्यधिक कर्ज, जटिल सहायक कंपनियों और क्रेडिट रेटिंग विफलता के जोखिम को सामने रखा। यस बैंक संकट ने निजी बैंकिंग गवर्नेंस और जोखिम प्रबंधन की कमजोरी दिखाई। पीएनबी–नीरव मोदी प्रकरण ने बैंकिंग व्यवस्था और लेटर आफ अंडरटेकिंग के दुरुपयोग को उजागर किया था।

राजेश एक्सपोर्ट्स जैसा मामला यह संकेत देता है कि सूचीबद्ध कंपनियों में भी सीमा–पार लेनदेन और सहायक कंपनियों के लेखांकन पर निगरानी बढ़ानी होगी। भारत को अब घोटाले के बाद सुधार करने की संस्कृति से आगे बढ़कर जोखिम की पहले पहचान और रोकथाम की प्रणाली बनानी होगी। राजेश एक्सपोर्ट्स मामले में आडिट व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्न उठते हैं। यदि कोई कंपनी लगातार विशाल राजस्व दिखा रही थी तो आडिटर ने ग्राहक पुष्टि, बैंक ट्रेल, सहायक कंपनी आडिट रिपोर्ट, स्टाक रिकार्ड, देय राशियों और आपसी कंपनी लेनदेन की जांच किस गहराई से की? बोर्ड की जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। नियामकीय दृष्टि से सेबी की कार्रवाई महत्वपूर्ण है, लेकिन यदि कथित गलत प्रस्तुतीकरण कई वर्षों से चल रहा था तो शुरुआती चेतावनी संकेत पहले क्यों नहीं पकड़े गए? स्टाक एक्सचेंज, आडिटर, विश्लेषक, रेटिंग एजेंसियां, ऋणदाता और संस्थागत निवेशक क्या देख रहे थे? एआइ और डाटा एनालिटिक्स के माध्यम से असामान्य अनुपात, देय राशियों की अचानक वृद्धि, नकदी प्रवाह का अंतर और बाजार पूंजीकरण बनाम राजस्व के असामान्य अंतर को स्वत: चिह्नित किया जा सकता है। छोटे निवेशकों के लिए भी यह घटना बड़ा सबक है। निवेश करते समय केवल शेयर मूल्य, राजस्व और ब्रांड पर ध्यान न दें। बड़ा टर्नओवर हमेशा मजबूत कंपनी का प्रमाण नहीं होता। यदि राजस्व बहुत बड़ा है, लेकिन लाभ कम है, नकदी प्रवाह कमजोर है और देय राशियां बढ़ रही हैं तो सावधानी जरूरी है। सस्ता या आकर्षक शेयर हमेशा मूल्यवान नहीं होता, कई बार वह गवर्नेंस जोखिम का संकेत होता है।

भारत को अब एकीकृत कारपोरेट जोखिम डैशबोर्ड बनाना चाहिए, जिसमें सेबी, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, रिजर्व बैंक, जीएसटी नेटवर्क, सीमा शुल्क, स्टाक एक्सचेंज और क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के डाटा को जोखिम–आधारित ढंग से जोड़ा जाए।

# फितरती इंसान दान देकर बन रहा महान!

दान शब्द सुनते ही मन में एक तस्वीर बनती है। एक हाथ देता है, दूसरा हाथ लेता है, और बीच में खामोशी होती है। न शोर, न तमाशा, न फोटो। बस दो इंसानों के बीच एक रिश्ता बनता है, जिसमें लेने वाले की लाज बची रहती है और देने वाले का अहंकार गल जाता है। पुराने लोग कहते थे कि दान का पता दूसरे हाथ को भी न लगे। कहने का मतलब साफ था। दान तब पवित्र होता है जब उसमें दिखावा न हो, जब देने वाला यह भी भूल जाए कि उसने दिया है।

पर आज का दौर उल्टा चल रहा है। अब दान का पहला काम कैमरा ऑन करना है। गरीब के हाथ में सौ रुपये थमाते ही मुस्कुराकर पोज बनता है। अनाज की बोरी देते ही मोबाइल ऊपर हो जाता है। लेने वाले का चेहरा ढका नहीं जाता, उसकी मजबूरी सबके सामने उघाड़ दी जाती है। वीडियो बनता है, फोटो लगती है, कैप्शन लिखा जाता है–मानवता की सेवा में हम। यह मानवता की सेवा नहीं, आत्मप्रचार है। यह दान नहीं, एक सौदा है। यहाँ देने वाला कुछ देता नहीं, बल्कि लेता है। वह लेता है लाइक, कमेंट, शेयर और थोड़ी देर की वाहवाही।

गाँव में बड़ा हुआ हूँ। बचपन में देखा था कि जब किसी के घर अनाज कम पड़ जाता था, तो पड़ोसी रात के अँधेरे में आकर चुपचाप दरवाजे पर रख जाता था। न नाम बताता, न मुड़कर देखता। सुबह जब घर वाले पाते, तो बस इतना कहते कि शायद ऊपर वाले ने भेजा है। उस समय किसी को यह नहीं लगता था कि यह कमजोरी है। यह इज्जत थी। लेने वाले की भी, देने वाले की भी। क्योंकि दान का असली मर्म यही है कि लेने वाले को लगे कि उसने माँगा नहीं, उसे मिला है। और देने वाले को लगे कि उसने किया नहीं, बस निमित्त बना है।

लेकिन फितरती इंसान की पहचान अलग है। उसके पास चार पैसे आए नहीं कि खुद को दानवीर समझ बैठता है। उसके लिए दान कोई करुणा नहीं, एक निवेश है। वह निवेश करता है इज्जत में, पहचान में, फॉलोअर्स में। वह जानता है कि आज के दौर में गरीब की फोटो सबसे सस्ता कंटेंट है। एक तस्वीर, दो लाइन का कैप्शन, और बस–लोग कहेंगे कि देखो कितना बड़ा दिल है। पर दिल बड़ा नहीं होता, सिर्फ स्क्रीन बड़ी हो जाती है।

बाढ़ आती है, लोग मरते हैं, घर उजड़ते हैं। राहत सामग्री आती है। पर कुछ लोग ट्रक भरकर सामान लाते हैं, और पहले खुद के सामने फोटो खिंचवाते हैं। गाँव वाला भूखा खड़ा देखता रहता है। उसे तब मिलेगा जब फोटो हो जाएगी। कभी–कभी तो सामान बाँटने से ज्यादा समय फोटो खिंचवाने में लगता है। यह क्रूरता है। क्योंकि तुम किसी की भूख को भी अपने शो का हिस्सा बना रहे हो। राहत के नाम पर तुम तमाशा खड़ा कर रहे हो।



**नरेन्द्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार

पर असली चोट तब लगती है जब कुछ लोग दूसरों का खून चूसकर दानी बनते हैं। चोर–उच्चके, अवैध धंधे चलाने वाले, भ्र्स्ट आदमी, मिलावटखोर व्यापारी। साल भर लोगों को लूटते हैं, और त्योहारों पर मंदिर में लाखों दान कर देते हैं। स्कूल में हॉल बनवा देते हैं, अस्पताल में बेड लगवा देते हैं। नाम बड़े–बड़े अक्षरों में लग जाता है। लोग कहते हैं–देखो कितना दानी है। कोई नहीं पूछता कि यह पैसा आया कहाँ से।

यह सबसे खतरनाक फितरत है। क्योंकि यह अपराध को पुण्य का चोला पहना देती है। समाज के सामने एक गलत संदेश जाता है कि लूटो, ठगो, मिलावट करो, फिर थोड़ा दान कर दो। सब माफ हो जाएगा। ऐसे दान से न समाज सुधरता है, न इंसान। उल्टा समाज की नैतिकता मर जाती है। क्योंकि जब चोर को भी दानी कहा जाने लगे, तो ईमानदार के लिए ईमानदारी बेमानी लगने लगती है।

दान का मतलब सिर्फ पैसा नहीं होता। समय देना भी दान है। ज्ञान देना भी दान है। किसी का दुख सुन लेना भी दान है। पर आज लोग उसी को दान मानते हैं जो कैमरे में आए। अगर कोई रात को किसी बुजुर्ग को सड़क पार कराता है, तो उसकी कोई फोटो नहीं आती। अगर कोई बिना बताए किसी बच्चे की फीस भर देता है, तो उसका कोई पोस्ट नहीं बनता। इसलिए लोग वही करते हैं जो दिखे। और धीरे–धीरे समाज की समझ भी बदल जाती है। लोगों को लगने लगता है कि जो दिखता नहीं, वह हुआ ही नहीं।

इस दिखावे का एक बड़ा कारण सोशल मीडिया है। पहले दान गाँव–मोहल्ले तक सीमित था।

अब पूरी दुनिया देखती है। लोग समझते हैं कि अगर फोटो नहीं डाली, तो किया ही क्या। पर यही सोच खतरनाक है। क्योंकि सोशल मीडिया पर जो चलता है, वह टिकता नहीं। आज तारीफ मिली, कल कोई और बड़ा दिखावा आ गया, तो तुम भुला दिए जाओगे। पर जो चुपचाप दिया गया है, वह उस व्यक्ति के दिल में रहता है जिसके लिए दिया गया है। वह एहसान नहीं, दुआ बन जाता है।

दानवीर कर्ण की कहानी सब जानते हैं। जब कर्ण युद्ध में था, तब इंद्र ने ब्राह्मण का रूप धरकर उसका कवच–कुंडल माँग लिया। कर्ण ने बिना हिचक दिए दे दिए। पर उसने किसी से कहा नहीं कि देखो मैंने दिया। उसने यह भी नहीं कहा कि देखो मैंने धर्म निभाया। उसने दिया, और भूल गया। यही दान है। दान में अगर मैं आ जाए, तो दान नहीं रहता। वह व्यापार बन जाता है। आज के लोग चार पैसे देकर पूरी दुनिया को बताते हैं कि देखो, हम कितने बड़े हैं। पर बड़े वही होते हैं जो देने के बाद भी छोटे बने रहें।

इसलिए समाज को समझना होगा कि हर दान पवित्र नहीं होता। दान की शुद्धता दो बातों से तय होती है–पैसा कहाँ से आया, और देने का भाव क्या था। अगर पैसा लूट का है, तो वह दान नहीं, रिश्वत है। अगर भाव दिखावे का है, तो वह दान नहीं, सौदा है। ऐसे दान से परहेज करना चाहिए।

शास्त्रों में गुप्त दान को सबसे बड़ा बताया गया है। दानं गुप्तं फलं महान्ति–जो दान छिपाकर किया जाए, उसका फल सबसे बड़ा होता है। कारण साफ है। गुप्त दान में अहंकार नहीं होता। लेने वाले की इज्जत नहीं जाती। देने वाले को वाहवाही नहीं मिलती। इसलिए वह दान शुद्ध रहता है।

***दान करो, पर सोचकर।***
***दान लो, परखकर।***
***क्योंकि झूठे दान से न समाज बचता है, न इंसान।***




# प्रतिस्पर्धा, तनाव और हिंसा: कोचिंग संस्कृति पर एक विमर्श

हाल ही में बिहार की राजधानी पटना स्थित खान ग्लोबल स्टडीज संस्थान में हुई हिंसा और तोड़फोड़ की घटना ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। लाखों छात्रों के बीच लोकप्रिय शिक्षक खान सर के संस्थान के बाहर हुई इस घटना ने न केवल कानून–व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि भारत की तेजी से बढ़ती कोचिंग संस्कृति के उस अंधेरे पक्ष को भी उजागर किया है, जिसके बारे में अक्सर कम चर्चा होती है। शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान, विवेक और व्यक्तित्व निर्माण है, लेकिन जब शिक्षा का क्षेत्र व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा, प्रतिष्ठा की लड़ाई और आर्थिक हितों का अखाड़ा बन जाए, तो ऐसी घटनाएं समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन जाती हैं।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पटना में खान सर के संस्थान के बाहर कुछ लोगों द्वारा तोड़फोड़, पथराव और हिंसा की गई। घटना में एक सुरक्षा कर्मी घायल हुआ और बाद में मामले ने कानूनी तथा राजनीतिक रंग भी ले लिया। पुलिस जांच में कई लोगों की गिरफ्तारी हुई, वहीं विभिन्न पक्षों द्वारा एक–दूसरे पर आरोप लगाए गए। कुछ रिपोर्टों में कोचिंग संस्थानों के बीच प्रतिद्वंद्विता को संभावित कारण बताया गया, जबकि मामले की जांच अभी भी जारी है। इसलिए अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा।

हालांकि इस घटना का महत्व केवल एक आपराधिक मामले तक सीमित नहीं है। यह उस व्यापक व्यवस्था का प्रतीक है जिसमें कोचिंग संस्थान आज शिक्षा से अधिक एक बड़े उद्योग का रूप ले चुके हैं। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले करोड़ों छात्रों के लिए कोचिंग संस्थान सफलता का प्रमुख माध्यम बन गए हैं। ऐसे में छात्रों को आकर्षित करने, बेहतर परिणाम दिखाने और बाजार में अपनी पहचान बनाने की होड़ लगातार बढ़ रही है।

कोचिंग संस्कृति का विस्तार पिछले दो दशकों में अभूतपूर्व रूप से हुआ है। पहले जहां शिक्षा का केंद्र विद्यालय और विश्वविद्यालय हुआ करते थे, वहीं आज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बड़ा हिस्सा निजी कोचिंग संस्थानों के हाथों में है। इन संस्थानों के बीच प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, लेकिन जब यह प्रतिस्पर्धा स्वस्थ दायरे से बाहर निकल जाती है, तब तनाव और टकराव की स्थिति पैदा होती है। बेहतर परिणामों का दावा, छात्रों की संख्या बढ़ाने की होड़, विज्ञापन युद्ध और सोशल मीडिया पर प्रभाव बढ़ाने की कोशिशें कई बार विवाद का कारण बन जाती हैं।

खान सर का संस्थान अपनी कम फीस और बड़े छात्र आधार के कारण लंबे समय से चर्चा में रहा है। ऐसे में यदि किसी संस्थान की लोकप्रियता तेजी से बढ़ती है, तो वह अन्य संस्थानों के लिए चुनौती बन सकती है। हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि हालिया हिंसा का कारण केवल व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा थी, लेकिन यह घटना इस संभावना पर चर्चा करने का अवसर अवश्य देती है कि शिक्षा क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा किस प्रकार तनावपूर्ण माहौल पैदा कर सकती है।



**विशाल कल्याण**

इस घटना का सबसे बड़ा प्रभाव छात्रों पर पड़ सकता है। छात्र कोचिंग संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने और अपने भविष्य का निर्माण करने के लिए आते हैं। जब वे अपने शिक्षण संस्थान के आसपास हिंसा, तोड़फोड़ और असुरक्षा का माहौल देखते हैं, तो उनके मन में भय और अस्थिरता उत्पन्न होती है। शिक्षा के वातावरण में सुरक्षा और मानसिक शांति अत्यंत आवश्यक होती है। यदि छात्र स्वयं को असुरक्षित महसूस करेंगे, तो उनकी पढ़ाई और एकाग्रता दोनों प्रभावित होंगी।

दूसरा प्रभाव अभिभावकों पर पड़ता है। माता–पिता अपने बच्चों को दूर–दराज के शहरों में भेजते हैं और उनकी सुरक्षा को लेकर पहले से ही चिंतित रहते हैं। ऐसी घटनाएं उनकी आशंकाओं को और बढ़ा देती हैं। परिणामस्वरूप कोचिंग संस्थानों की विश्वसनीयता पर भी असर पड़ सकता है।

तीसरा प्रभाव पूरे शिक्षा जगत की छवि पर पड़ता है। शिक्षा संस्थानों को समाज में सम्मान और विश्वास का केंद्र माना जाता है। यदि उनके नाम हिंसा और विवादों से जुड़ने लगें, तो यह शिक्षा व्यवस्था की गरिमा को नुकसान पहुंचाता है। इससे यह संदेश जाता है कि शिक्षा भी अब अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों की तरह प्रतिस्पर्धा और संघर्ष का मैदान बनती जा रही है।

यह घटना मानसिक तनाव के प्रश्न को भी सामने लाती है। आज छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं के दबाव में हैं, शिक्षक परिणाम देने के दबाव में हैं और संस्थान बाजार में अपनी स्थिति बनाए रखने के दबाव में हैं। यह सामूहिक तनाव कई बार नकारात्मक रूप धारण कर लेता है। जब संवाद और सहयोग की जगह आक्रामकता ले लेती है, तब विवाद जन्म लेते हैं।

समाज को यह समझना होगा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी दिलाना नहीं है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। यदि शिक्षा संस्थान स्वयं संघर्ष और टकराव का प्रतीक बन जाएं, तो छात्रों को गलत संदेश मिल सकता है। वे यह मान सकते हैं कि सफलता प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार की प्रतिस्पर्धा उचित है, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है।

इस घटना से सरकार, प्रशासन और कोचिंग संस्थानों सभी को सीख लेने की आवश्यकता है। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षा संस्थानों के आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था हो और किसी भी प्रकार की हिंसा के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाए। वहीं कोचिंग संस्थानों को भी प्रतिस्पर्धा को स्वस्थ और सकारात्मक बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। छात्रों को आकर्षित करने के लिए गुणवत्ता, नवाचार और बेहतर शिक्षण पद्धति का सहारा लिया जाना चाहिए, न कि टकराव और आरोप–प्रत्यारोप का।

अंतत: पटना में हुई यह घटना केवल एक संस्थान की समस्या नहीं है। यह भारतीय कोचिंग संस्कृति के सामने खड़े व्यापक प्रश्नों की ओर संकेत करती है। जब शिक्षा व्यवसाय, प्रतिष्ठा और प्रतिस्पर्धा के दबाव में आ जाती है, तब उसके मूल उद्देश्य को खतरा पैदा हो जाता है।

आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा जगत में सहयोग, नैतिकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत किया जाए। छात्रों के सपनों का निर्माण करने वाले संस्थानों को संघर्ष का नहीं, बल्कि ज्ञान और प्रेरणा का केंद्र बनना चाहिए। तभी शिक्षा वास्तव में समाज को आगे बढ़ाने का माध्यम बन सकेगी।

# सरयोलसर झील सरोल सौर झील, प्रकृति की गोद में छिपा एक अनमोल रत्न, पर्यटकों के लिए स्वर्ग

ये झील कुल्लू के उपमंडल बंजार के जलोड़ी दर्रा से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। समुद्रतल से लगभग 10,500 फीट की ऊंचाई पर मौजूद सरयोलसर झील एक किलोमीटर की परिधि में फैली हुई है। सरयोलसर झील का पानी क्रिस्टल की तरह एकदम साफ है। झील के पानी में आपको जरा भी कचरा नजर नहीं आएगा।

झील के पानी में जब सूरज की किरणें गिरती हैं, तो नजारा अत्यंत खूबसूरत हो जाता है। झील की खूबसूरती तब कई गुना बढ़ जाती है जब यह अपना रंग बदलती है। दरअसल जब मौसम खराब होता है या आसमान में बादल छाए हुए होते हैं, तो झील का रंग हल्का काला हो जाता है, जबकि जब आसमान साफ होता है तो झील शीशे की तरह साफ और चमकदार होती है। सर्दियों के मौसम में यहां भारी बर्फबारी होती है और ये झील भी जम जाती है। ये एक धार्मिक स्थल भी है।



सरयोलसर झील हमेशा साफ रहती है और इसके पीछे की वजह एक नन्हीं चिड़िया है। %आभी% चिड़िया इस झील में एक तिनका भी नहीं गिरने देती। झील में जैसे ही कोई तिनका गिरता है तो ये चिड़िया इस तिनके को निकालकर झील से बाहर ले जाती है। इस छोटी सी चिड़िया को इसी वक्त देखा जा सकता है। माना जाता है कि ये आभी चिड़िया सरयोलसर में ही पाई जाती है और बहुत कम नजर आती है।स्थानीय लोगों का दावा है कि %आभी% चिड़िया केवल सरयोलसर में ही पाई जाती है।

सरयोलसर झील के निकट ही यहां की स्थानीय देवी बूढ़ी नागिन को समर्पित एक मंदिर भी है। भक्तों का विश्वास है कि इस झील में एक बूढ़ी नागिन वास करती हैं। स्थानीय लोग बूढी नागिन को इस क्षेत्र का सरंक्षक मानते हैं। देवी बूढ़ी नागिन में लोगों की आस्था का पता इस बात से लगाया जा सकता है कि लोग शुद्ध घी का सेवन भी पहले नागिन देवी को चढ़ावा देने के बाद ही करते हैं। यहां हर साल बीस से तीस क्विंटल घी का चढ़ावा आता है। इसके अलावा एक मान्यता और भी है कि जो भी इस झील में जाता है वह लौटकर वापस कभी नहीं आता।



**शशि पाल**
प्रवक्ता इतिहास


यहां पर देवी देवता भी शक्ति अर्जित करने के लिए आते हैं और झील में पवित्र स्नान करते हैं। अन्य लोगों का झील के भीतर जाना मना है और सिर्फ देव कार्रवाई के दौरान ही देवता के साथ कुछ हारियान झील में प्रवेश करते हैं।

माना जाता है कि महाभारत काल के दौरान पांडवों ने यहां काफी समय व्यतीत किया था और यहां चावलों की खेती की थी। वो खेत आज भी यहां नजर आते हैं। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि बूढ़ी नागिन माता के प्रति घाटी के लोगों की काफी श्रद्धा है और बूढ़ी नागिन को देवी देवताओं की माता का दर्जा हासिल है।सेरियोलसर मंदिर 60 नाग देवताओं जैसे शेष–नाग, कमरू–नाग, महू–नाग, घुंडा नाग और राज्य के अन्य नाग देवताओं की मां बूढ़ी नागिन को समर्पित है।

इस झील से जुड़ी एक बेहद रोचक कहानी है – एक बार पास के एक गाँव से एक ब्राह्मण सेरोलसर झील देखने आया और झील के चारों ओर टहलते हुए वह डूब गया। ऐसा माना जाता है कि सेरोलसर झील बुद्धि नागिन का निवास स्थान है, जो हिमाचल प्रदेश के सभी नाग देवताओं जैसे शेषनाग, कामरूनाग, घुंडानाग, महूनाग आदि की माता हैं, और वे झील की तलहटी में स्थित अपने स्वर्ण महल में निवास करती हैं।देवी ने उसकी जान बचाई। उन्होंने ब्राह्मण को अपने स्वर्ण महल में तीन साल तक रहने की अनुमति भी दी, इस शर्त पर कि वह अपने प्रवास और देवी के बारे में किसी को कुछ नहीं बताएगा। ब्राह्मण के परिवार, जो उसे मृत मान चुके थे, तीन साल बाद उसे देखकर अत्यंत प्रसन्न हुए। जब ब्राह्मण अपने परिवार के पास लौटा, तो वे यह जानने के लिए उत्सुक थे कि वह इतने लंबे समय तक कहाँ था।

हर कोई उससे उसके बारे में पूछता रहता था, लेकिन वह हर सवाल को टालता रहता था। लेकिन एक दिन उसे सबको सच बताना ही पड़ा और जैसे ही उसने बताया, उसकी मृत्यु हो गई। उसका परिवार और दोस्त सदमे में थे। वे झील के रहस्य को जानने के लिए वहाँ जाना चाहते थे, और उसके परिवार का जो भी सदस्य झील पर जाने की कोशिश करता, उसके साथ रहस्यमय दुर्घटनाएँ हो जाती थीं। आज तक कोई भी भूवैज्ञानिक अध्ययन झील की गहराई का सटीक अनुमान नहीं लगा पाया है। शायद इसलिए क्योंकि बुद्धि नागिन अपने स्वर्ण महल में शांति से रहना चाहती है।

और यदि आप बुद्धि नागिन की पूजा करना चाहते हैं, तो झील के किनारे स्थित मंदिर में ही करें, और झील में प्रवेश न करें – उन्हें झील में डुबकी लगाना या जमी हुई झील पर खड़े होना पसंद नहीं है।



प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हिमाचल न्यूज
Website : www.prathamnews.in



संक्षिप्त न्यूज



## ई.एस.आई. सुविधा समागम में मजदूर हितों से जुड़े मुद्दे उठे

**बद्दी 10 जून ( तारा )** – ई.एस.आई. क्षेत्रीय कार्यालय में उपनिदेशक जय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सुविधा समागम में उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं और ई.एस.आई. सेवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष मेलाराम चंदेल ने समागम के समय में किए गए बदलाव की पूर्व सूचना न दिए जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने यह भी कहा कि कई उद्योगों में मजदूरों का पंजीकरण नहीं किया जाता, लेकिन संबंधित उद्योगों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, जिससे गरीब श्रमिकों को नुकसान उठाना पड़ता है।

चैंबर ऑफ कॉमर्स, हि. प्रदेश पांवटा साहिब के सलाहकार देवव्रत यादव ने कहा कि ई.एस.आई. अस्पताल और शाखा कार्यालय संतोषजनक सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन दुर्घटना और मृत्यु से जुड़े मामलों के निपटारे में अनावश्यक दस्तावेजों की मांग के कारण कई मामले लंबित हैं। उन्होंने श्रमिक हितों को ध्यान में रखते हुए प्रक्रियाओं को सरल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

उपनिदेशक जय सिंह ने आश्वासन दिया कि भविष्य में अनावश्यक आपत्तियां नहीं लगाई जाएंगी तथा लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाएगा। बैठक में विभिन्न उद्योगों के एचआर प्रतिनिधि, निगम अधिकारी, ट्रेड यूनियन पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चंपा पार्क के सौंदर्यीकरण को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर ( जितेंद्र गौतम )**– हिमाचल प्रदेश सहकारी विकास संघ के निदेशक आशीष ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश राहुल कुमार से मुलाकात कर चंपा पार्क के सौंदर्यीकरण एवं विकास संबंधी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि कर्मचारी नेत्री स्वर्गीय चंपा देवी, जिनकी आंदोलन के दौरान मृत्यु हुई थी, की स्मृति में पार्क में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाए तथा पार्क के इतिहास से संबंधित एक जानकारी पट्टिका भी लगाई जाए। उन्होंने पार्क के रखरखाव की जिम्मेदारी जिला प्रशासन द्वारा संभालने की मांग करते हुए कहा कि इससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

ज्ञापन में पार्क में स्थापित पानी के फव्वारों को नियमित रूप से संचालित करने, चंपा पार्क को फूड पार्क की तर्ज पर विकसित करने तथा स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए छोटे-छोटे खाद्य स्टॉल स्थापित करने की मांग भी की गई। इसके अलावा पार्क के चारों ओर सोलर लाइटें लगाने का सुझाव दिया गया, ताकि देर शाम तक लोगों की आवाजाही सुरक्षित बनी रहे। इस अवसर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति भाटिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री राज जम्वाल, राज कुमार वर्मा, अजित जोशी, नीलम सूद, चंपा देवी, जयपाल, आशीष शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऊना के लेफ्टिनेंट कमांडर सूरज पराशर को शौर्य चक्र

**ऊना ( ब्यूरो )**– देश की सुरक्षा के लिए समर्पित भारतीय नौसेना के वीर अधिकारी लै.कमांडर सूरज पराशर को उनकी असाधारण वीरता और कर्त्तव्यनिष्ठा के लिए देश के प्रतिष्ठित शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में भारत की राष्ट्रपति एवं सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस उपलब्धि से हिमाचल प्रदेश के ऊना और पंजाब के नंगल क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। मूलतः ऊना जिला के चढ़तगढ़ गांव व वर्तमान में नंगल रेलवे रोड कालोनी के निवासी जांबाज लै.कमांडर सूरज पराशर को यह सम्मान दिया गया। गौरतलब है कि छह नवंबर, 2024 को लै.कमांडर सूरज पराशर व उनकी टीम को जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में एक संयुक्त घेराबंदी एवं सर्च अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अभियान के दौरान एक घर में छिपे आतंकवादियों को घेर लिया गया।

इसी दौरान एक आतंकवादी ने सुरक्षा बलों की घेराबंदी तोडकर भागने का प्रयास किया। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए लै.कमांडर सूरज पराशर ने असाधारण साहस का परिचय देते हुए वहां छिपे दूसरे आतंकवादी को सटीक निशाना बनाया और अपने साथी जवानों को समय रहते आवश्यक सूचना भी दी। उनके त्वरित निर्णय और उठाए गए कदम के परिणामस्वरूप सुरक्षा बलों ने दोनों आतंकवादियों को मार गिराया तथा अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। सामान्य परिस्थितियों से हटकर दिखाई गई वीरता, सूझबूझ और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित करने का निर्णय लिया। सूरज पराशर का परिवार लंबे समय से नंगल की रेलवे रोड कॉलोनी में निवास करता है।



# प्रदेश सरकार व्यवसाय में सुगमता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री

## सभी सेवाओं की प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन एवं डिजिटाइज करने के निर्देश

» प्रथम न्यूज । शिमला
10 जून ( बी.शर्मा )

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को श्रम एवं रोजगार विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इन योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विभाग को प्रमाण-पत्र एवं लाइसेंस आदि सेवाओं की प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन एवं डिजिटाइज करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना-2023 के अंतर्गत युवाओं को ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान 500 अतिरिक्त युवाओं को ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा, जिसके लिए बजट में 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि इसी वित्तीय वर्ष में 500 युवाओं को ई-रिक्शा खरीदने के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 50 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान भी प्रदान किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में व्यापार एवं उद्योग को प्रोत्साहित करने तथा व्यवसाय करने में सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1969 तथा उससे संबंधित नियमों में संशोधन किया है। संशोधित प्रावधानों के अंतर्गत अधिनियम को पूरे प्रदेश में और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा तथा दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को चौबीस घंटे संचालन की अनुमति प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निर्णय से व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी, उद्यमियों को अधिक सुविधाएं प्राप्त होगी तथा उपभोक्ताओं को सुविधा अनुसार खरीदारी करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवसाय करने में सुगमता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए अनुपालन प्रणाली को सरल एवं प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। साथ ही श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा एवं उनके कल्याण को भी समान रूप से प्राथमिकता दी जा रही है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, मुख्य सचिव के.के. पंत, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, सचिव प्रियंका बसु इंग्टी, श्रम आयुक्त वीरेंद्र शर्मा और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।.



## सड़कों की बदहाली पर भड़के भाजपा नेता गुरमेल चौधरी

» प्रथम न्यूज । बीबीएन
10 जून ( तारा )




भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरमेल चौधरी ने क्षेत्र की जर्जर सड़कों को लेकर प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि यदि जल्द सड़कों की स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो भाजपा जनता के साथ मिलकर बड़ा जन आंदोलन छेड़ने को मजबूर होगी।

जारी बयान में गुरमेल चौधरी ने कहा कि भाजपा लंबे समय से क्षेत्र की सड़कों की बदहाली का मुद्दा उठाती रही है, लेकिन कांग्रेस सरकार और स्थानीय प्रशासन इस ओर कोई गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नई सड़कें बनाना तो दूर, पहले से बनी सड़कों पर आवश्यक पैचवर्क तक नहीं किया जा रहा है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्धमान चौक से थाना, ढेला और लोदी माजरा तक, कोटला से हरिपुर व पट्टा मेहलोग तक तथा बरोटीवाला से मंधाला और कालूझंडा तक सड़कें खस्ताहाल बनी हुई हैं। इसके अलावा बद्दी शहर की मुख्य साईं रोड पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। खराब सड़कों के कारण लोगों के वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं तथा आवागमन प्रभावित हो रहा है। गुरमेल चौधरी ने कहा कि नगर निगम और प्रदेश सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है, लेकिन जनहित के कार्यों को लेकर इच्छाशक्ति का अभाव साफ दिखाई देता है। उन्होंने स्थानीय विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि वे केवल बयानबाजी और श्रेय लेने की राजनीति में व्यस्त हैं, जबकि जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है।

भाजपा नेता ने कहा कि हाल ही में हुए पंचायती राज चुनावों में जनता ने कांग्रेस सरकार को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि केवल दावे और घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं। सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं पर सरकार का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने कहा कि साईं से रामशहर, रामशहर से थाना धर्मपुर तथा धर्मपुर से बरोटीवाला तक बनने वाली सड़क विश्व बैंक परियोजना के तहत भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी। कांग्रेस सरकार आज उन्हीं परियोजनाओं का श्रेय लेने का प्रयास कर रही है, जबकि धरातल पर विकास कार्य ठप पड़े हैं।

गुरमेल चौधरी ने मांग की कि क्षेत्र की खराब सड़कों पर तत्काल पैचवर्क और मरम्मत कार्य शुरू किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए तो भाजपा जनता के साथ मिलकर व्यापक जन आंदोलन शुरू करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक की होगी।

## मकान पर लटके पेड़ से यदि जान-माल की हुई हानि तो संबन्धित व्यक्ति व जिला प्रशासन होगा उत्त्दाई शांता देवी

» प्रथम न्यूज । बिलासपुर
10 जून ( धर्मपाल )



बरमाना क्षेत्र के लघट गाँव के दंपति श्रीमति शांता देवी और रणजीत सिंह ने कहा है कि एक पड़ोसी के विशाल आम के पेड़ का भारी भरकम भाग उसके मकान के लिए निरंतर खतरा बना हुआ है 7 उन्होने बताया कि एसडीएम सदर रणदीप सिंह ने 7 अप्रैल को आदेश पारित किया था कि 7 दिन के भीतर इसे पेड़ के मकान पर लटके भाग को काटा जाये किन्तु इसके बावजूद अभी तक भी संबन्धित व्यक्ति द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है,

जिस कारण उनका सारा परिवार डर के साये में जीने को विवश है 7 उन्होने बताया कि आँधी-तूफान के समय इस पेड़ के अचानक टूट कर जान-माल अथवा संपति को हानि होने के भय से उनकी दिन की चैन व रातों की नींद हराम हो गई है 7

उन्होने कहा कि एसडीएम ने अपने आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित बनाने के लिए एसपी बिलासपुर, डिप्टी कंजर्वेटर आफ फारेस्ट और रेंज फॉरेस्ट आफिसर को भी अपने आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित बनाने के लिए प्रतिलिपियाँ प्रेषित की हैं किन्तु खेद है कि इतना समय बीत जाने पर भी उन आदेशों की पालना नहीं हो पाई है 7 शांतादेवी और रणजीत सिंह ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि उनके घर पर लटके आम के पेड़ की भारी भरकम टहनियों को तुरंत कटवाने की व्यवस्था की जाये ताकि उन्हें राहत मिल सके 7 उन्होने कहा कि यदि इस पेड़ के कारण कोई अनहोनी घटना होती है या उनके मकान को कोई हानि पहुँचती है तो उसके लिए संबन्धित व्यक्ति व अधिकारी उत्त्दाई होंगे ।

## कृष्णगढ़ के संजय मार्ग की हालत खस्ता

### लोगों ने उठाई मुरम्मत करने की माँग

**पट्टा मेहलोग, 10 जून ( तारा )** – विकास खंड पट्टा की कृष्णगढ़ पंचायत के मध्य से गुजरने वाले संजय मार्ग की टायरिंग जगह जगह से उखड़ चुकी है इससे यह मार्ग गढ्डों में तब्दील हो गया है । जिसकी वजह से वाहन चालकों व पैदल चलने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



बता दें कि इस मार्ग पर यूको बैंक, उचित मूल्य की दुकान, कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय, लोक मित्र केंद्र, भू सरंक्षण अधिकारी कार्यालय, कनिष्ठ अभियंता विद्युत विभाग, खण्ड प्राथमिक शिक्षाधिकारी कार्यालय, पशुचिकित्सालय व एक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित है । वहीं कृष्णगढ़ पँचायत के गांव कुटाडी, बाग, सौल,हाड़ा,हनेच,नेरी,बिंदी, कुफराली के सैंकड़ों लोगों के इलावा अन्य लोग भी नित्य इस मार्ग से चलते है लेकिन इसकी हालत ठीक न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

इस सम्पर्क मार्ग में कई स्थानों पर पानी की निकासी के लिए नालियां,उचित सलोप व पानी की क्रासिंग के लिए पुलियां न होने से सड़क पर पानी भर जाता है सड़क के दोनों ओर उगी झाड़ियों से वाहन चलाने में दिक्कतें आ रही है व हमेशा किसी अनहोनी का भय बना रहता है । पँचायत के प्रधान पुष्पेंद्र कुमार, उप प्रधान, नरेंद्र कुमार बबलू के इलावा हरिदत्त फौजी,रमेश कुमार,प्रेमराज, मनसा राम रनौत, संदीप तंवर, जीतराम, विनोद कुमार,सुरेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने विभाग से इस मार्ग को दुरुस्त करने की गुहार लगाई है।

उधर लोक निर्माण विभाग कसौली के अधिशासी अभियंता गुरविंदर राणा ने कहा कि इस मार्ग पर इंटरलॉक टाइल्स लगवाने हेतु प्राक्कलन बना कर विभाग के आला अधिकारियों को स्वीकृति हेतु भेजा जाएगा।

## शिमला ग्रीष्मोत्सव के तहत स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता आयोजित

### विधायक हरीश जनारथा ने विजेताओं को किया सम्मानित

» प्रथम न्यूज । शिमला
10 जून ( बी.शर्मा )




अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव 2026 के तहत आज स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल द्वारा प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता में विधायक शिमला शहरी हरीश जनारथा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

प्रतियोगिता में कुल 216 बच्चों का पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से हुआ था जिनमें 123 बच्चों ने आज प्रतियोगिता में भाग लिया। 0 से 1 वर्ष आयु वर्ग में कुल 27 प्रतिभागी शामिल रहे जिनमें शिवान्या पुत्री अंकुर भगता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विहम पुत्र अंकित ठाकुर द्वितीय तथा जोरावर सिंह पुत्र इंदरजीत सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

इसी प्रकार, 1 से 3 वर्ष आयु वर्ग में 64 बच्चों ने भाग लिया जिनमें अद्विका पुत्री स्वातिनाम शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। कनिका ठाकुर पुत्री विक्रम ने द्वितीय तथा अव्युक्त वर्मा पुत्र विकेश वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, 3 से 5 वर्ष आयु वर्ग में कुल 32 बच्चों ने भाग लिए जिनमें अगमप्रीत पुत्र रणदीप सिंह प्रथम स्थान पर रहे। कैरव पुत्र विकेश वर्मा ने द्वितीय तथा सियारा गुप्ता पुत्री ऋश्नव गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेताओं को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 25,000 रुपए, 20,000 रुपए तथा 15,000 रुपए की नकद राशि प्रदान की गई। मुख्यातिथि ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयोजकों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों और उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विजेताओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डॉ. पूनम कंवर, डॉ. चंद्रकांता, डॉ पवना, डॉ नीलम पठानिया, डॉ मधु मतैन, डॉ सनी बंगा और डॉ रिया शामिल रहे। प्रतियोगिता के लिए 100 अंक का परीक्षण रखा गया था जिसमें विकास मापदंडों के 20 अंक, पोषण की स्थिति के 20 अंक, विकासात्मक महत्वपूर्णता के 20 अंक, टीकाकरण की स्थिति के 15 अंक, शारीरिक जांच के 15 अंक और स्वच्छता और बातचीत के 10 अंक रखे गए थे। इस दौरान नगर निगम शिमला के पार्षद अंकुश, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिमला डॉ यशपाल रांटा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक उपलब्धि पर झंडूता में हवन-यज्ञ, दीर्घायु की कामना

» प्रथम न्यूज । बिलासपुर
10 जून ( जितेंद्र गौतम )

देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे समय तक पद पर रहने का रिकॉर्ड बनाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में झंडूता विधानसभा क्षेत्र के शिव धूणी मंदिर झंडू में हवन-यज्ञ एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल झंडूता के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक जीतराम कटवाल ने विशेष रूप से भाग लिया।

इस अवसर पर हवन में आहुतियां डालकर प्रधानमंत्री मोदी की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र के निरंतर विकास की कामना की गई तथा मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने प्रदेश के सांसदों एवं विधायकों के साथ की बैठक

» प्रथम न्यूज । शिमला
10 अप्रैल ( बी.शर्मा )

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा अपने हिमाचल प्रदेश प्रवास के दौरान आज शिमला के होटल पीटरहॉफ में प्रदेश के सांसदों एवं विधायकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने की।

इस अवसर पर आयोग के सदस्य निरुपम चकमा, डॉ. आशा लकड़ा, तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बैठक में हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान जनजातीय समुदाय के कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क संपर्क, रोजगार, आधारभूत सुविधाओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। माननीय सांसदों एवं विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को आयोग के समक्ष रखा। आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास एवं वहां के लोगों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आयोग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विषयों एवं सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




सांसद सुरेश कुमार कश्यप, विधायक जनक राज एवं अनुराधा राणा ने अपने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं को आयोग के समक्ष रखा। आयोग के अध्यक्ष ने सभी मांगो को प्रदेश सरकार के माध्यम से रिकमेंडेशन प्रस्तुत करने को कहा।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (जनजातीय विकास) ओंकार चंद शर्मा ने आयोग का हिमाचल पधारने पर स्वागत किया तथा बैठक का संचालन किया।

बैठक में जानकारी दी गई कि हिमाचल प्रदेश में भोट/बोध, गद्दी, गुज्जर, जाड़, लम्बा, खम्पा, किन्नौरा, लाहौला, पंगवाला, स्वांगला, बेटा, बेड़ा, डेम्बा, गारा, जोबा तथा हाटी समुदाय अनुसूचित जनजातियों के रूप में अधिसूचित हैं। वही जनगणना 2011 के अनुसार हिमाचल प्रदेश की कुल जनसंख्या 68.65 लाख है, जिसमें लगभग 3.92 लाख अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोग निवास करते हैं, जो राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 5.71 प्रतिशत है।

## अफगानिस्तान सीरीज से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका

# कोहली के बाद खतरनाक ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी हुआ बाहर

भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए एक बेहद निराश करने वाली खबर सामने आई है। अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से पहले टीम इंडिया को एक और बड़ा झटका लगा है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के बाद अब धाकड़ ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी इस अहम सीरीज से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। हार्दिक को जांघ की मांसपेशियों (क्वाड्रिसेप्स) में खिंचाव की शिकायत के बाद सीरीज से हटने का फैसला लेना पड़ा है।

**बेंगलुरु में फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद बिगड़ा खेल :** 32 वर्षीय हार्दिक पांड्या को इस नई इंजरी ने टेंशन में डाल दिया है। दरअसल, हार्दिक पीठ में ऐंठन की समस्या के कारण आईपीएल 2026 के कई मैचों से बाहर रहे थे। इसी चोट से उबरने के बाद खेलने की मंजूरी लेने के लिए वह दो जून से बीसीसीआई के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) में ट्रेनिंग कर रहे थे। एक हफ्ते की कड़ी ड्रिल और फिटनेस असेसमेंट के बाद उन्हें क्लीयरेंस मिल भी गया था, लेकिन इस नई दिक्कत ने उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।



**डॉक्टरों ने दी दो हफ्ते आराम की सख्त सलाह :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) के सूत्रों ने हार्दिक के सीरीज से बाहर होने की आधिकारिक पुष्टि की है। सूत्र के मुताबिक, हार्दिक ने शुरुआत में सभी जरूरी टेस्ट पास कर लिए थे, लेकिन आखिरी समय में आई इस समस्या ने उन्हें अफगानिस्तान सीरीज से बाहर कर दिया है। मेडिकल टीम ने उन्हें कम से कम दो हफ्ते आराम करने की सलाह दी है और अपना रिकवरी प्रोसेस पूरा करने के लिए वह अभी COE में ही रुकेंगे। उनके जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में खेलने पर भी सस्पेंस गहरा गया है।

### रोहित शर्मा को मिली हरी झंडी, कोहली की जगह जायसवाल शामिल

एक तरफ जहां हार्दिक और कोहली की कमी खलेगी, वहीं टीम के लिए राहत की बात यह है कि रोहित शर्मा को खेलने की मंजूरी मिल गई है। रोहित पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ष्ट्हश्च में थे, लेकिन अब वह पूरी तरह फिट हैं। वहीं, आईपीएल 2026 के फाइनल में नाबाद 75 रन बनाकर आरसीबी को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाने वाले विराट कोहली पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के चलते पहले ही बाहर हो चुके हैं।

वनडे सीरीज के लिए कोहली की जगह युवा स्टार यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया गया है। बता दें कि भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की यह रोमांचक वनडे सीरीज शनिवार 13 तारीख से धर्मशाला के खूबसूरत स्टेडियम में शुरू होने जा रही है।

## एशियन गेम्स 2026 के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान, साहिबजादा फरहान को सौंपी गई कप्तानी

पाकिस्तान ने जापान में होने वाले एशियन गेम्स 2026 के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। साहिबजादा फरहान को इस टूर्नामेंट के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं, अब्दुल समद को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

15 सदस्यों वाली टीम में चार खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक पाकिस्तान के लिए टी20 इंटरनेशनल में एक भी मुकाबला नहीं खेला है। ये खिलाड़ी आकिफ जावेद, अली रजा, माज सदाकत और साद मसूद हैं। पाकिस्तान की ओर से 46 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल चुके फरहान ने अब तक किसी भी सफेद गेंद के फॉर्मेट में टीम की कप्तानी नहीं की है। वहीं, अब्दुल समद ने पाकिस्तान की तरफ से सिर्फ 5 टी20 मुकाबले खेले हैं। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में वह टीम का हिस्सा रहे थे।

एशियन गेम्स के लिए चुनी गई पाकिस्तान की टीम टी20 विश्व कप 2026 से काफी अलग है। उस्मान खान को विकेटकीपर के तौर पर टीम में रखा गया है। शाहिन शाह अफरीदी, बाबर आजम, शादाब खान और सलमान आगा को इस टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह नहीं दी गई है।

एशियन गेम्स के लिए चुने गए 15 खिलाड़ियों में से 14 प्लेयर्स वो हैं, जो 15 जून से लाहौर में शुरू होने वाले एनसीए व्हाइट बॉल कैंप का हिस्सा होंगे। एशियन गेम्स में मेंस क्रिकेट का आगाज 24 सितंबर से होगा, जबकि मेडल मैचों की शुरुआत 3 अक्टूबर से होगी।

इससे पहले, क्रिकेट एशियन गेम्स का तीन बार हिस्सा रह चुका है। साल 2010, 2014 और 2022 के एशियन गेम्स में क्रिकेट को शामिल किया गया था। 2022 एशियन गेम्स में पाकिस्तान ने चौथे पायदान पर रहते हुए टूर्नामेंट का अंत किया था। टीम ने एक मैच में जीत हासिल की थी, जबकि एक मुकाबले में टीम को हार का सामना करना पड़ा था।

**एशियन गेम्स 2026 के लिए पाकिस्तान टीम का स्क्वॉड :** साहिबजादा फरहान (कप्तान), अब्दुल समद (उपकप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, आकिफ जावेद, अली रजा, अराफात मिन्हास, हैदर अली, हसन नवाज, माज सदाकत, मोहम्मद सलमान मिर्जा, साद मसूद, सैम अयूब, सुफयान मोकिम और उस्मान खान (विकेटकीपर)।



## महिला टी20 विश्व कप: इन पांच युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी निगाहें, नंदिनी शर्मा का नाम भी शामिल

महिला टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 12 जून से होने जा रही है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाना है। आइए आपको उन पांच युवा खिलाड़ियों के नाम बताते हैं, जो इस विश्व कप में दमदार प्रदर्शन कर सकती हैं।

**जॉर्जिया वोल :** ऑस्ट्रेलिया की 22 वर्षीय जॉर्जिया वोल ने पिछले कुछ समय में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। वोल ने अब तक 12 टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट मुकाबले खेले हैं और इस दौरान उन्होंने 156 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 474 रन बनाए हैं। वह क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में एक शतक और 3 अर्धशतक भी लगा चुकी हैं। अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर वह इस विश्व कप में कंगारू टीम के लिए ट्रंप कार्ड साबित हो सकती हैं।

**नंदिनी शर्मा :** भारत की तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा के प्रदर्शन पर भी महिला टी20 विश्व कप में हर किसी की निगाहें रहेंगी। नंदिनी ने महिला प्रीमियर लीग में अपनी गेंदबाजी से खासा प्रभावित किया था। उन्होंने 10 मुकाबलों में कुल 17 विकेट निकाले थे। इसके बाद भारत की ओर से टी20 इंटरनेशनल में उनका डेब्यू भी शानदार रहा। उन्होंने पहले ही मैच में 34 रन देकर 3



विकेट चटकाए थे। नंदिनी की सबसे बड़ी ताकत सटीक गेंदबाजी के साथ-साथ विविधता है।

**कायला रेनेके :** साउथ अफ्रीका की युवा ऑलराउंडर कायला रेनेके इस विश्व कप में दमदार प्रदर्शन कर सकती हैं। 20 वर्षीय खिलाड़ी रेनेके ने अब तक प्रोटियाज टीम की ओर से तीन टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं, जिनमें से वह दो प्लेयर ऑफ द मैच रही हैं। 9 टी20 मुकाबलों में 157 के स्ट्राइक रेट से रन बनाने के साथ-साथ रेनेके 5 विकेट भी चटका चुकी हैं।

**टिली कोर्टीन-कोलमैन :** बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाज टिली कोर्टीन कोलमैन ने महज 18 साल की उम्र में विश्व क्रिकेट में अपनी घूमती हुई गेंदों से पहचान बनाई है। कोलमैन की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वह विकेट निकालने का हुनर जानती हैं। साझेदारी तोड़ने के साथ-साथ कोलमैन रनों की गति पर भी लगाम लगा सकती हैं।

**फेबे मोल्केनबोएर :** नीदरलैंड की फेबे मोल्केनबोएर बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दे सकती हैं। महज 21 साल की उम्र में फेबे नीदरलैंड की ओर से खेले 54 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में 720 रन बना चुकी हैं। वहीं, गेंदबाजी में उन्होंने 12 विकेट निकाले हैं। सबसे खास बात उनका इकोनॉमी रहा है, जो सिर्फ 4.52 का है।



## मनीमाजरा की टूटी सड़कें बन सकती है हादसों का कारण, प्रशासन तुरंत करे मरम्मत : राजबीर सिंह भारतीय

### मनीमाजरा की बदहाल सड़कें बनीं जनता की परेशानी, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों में भारी रोष

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
10 जून ( पुनीत महाजन )

चंडीगढ़ की पहचान देशभर में स्मार्ट सिटी और ब्यूटीफुल सिटी के रूप में है, लेकिन मनीमाजरा वार्ड नंबर-5 की सड़कों की दयनीय स्थिति इस पहचान पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। वार्ड की प्रमुख सड़कें, जिनमें मोटर मार्केट की सड़क, मनीमाजरा मुख्य बाजार की सड़क, फन रिपब्लिक की ओर जाने वाली सड़क तथा शिवालिक गार्डन चौक से समाधि गेट होते हुए बाजार तक जाने वाली सड़क शामिल हैं, जो टूटी हुई हैं और आम जनता के लिए परेशानी एवं खतरे का कारण बन सकती हैं।

मनीमाजरा ईडब्ल्यूएस रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि शिवालिक गार्डन चौक से समाधि गेट की ओर जाने वाली सड़क पर 2024 में 24×7 जलापूर्ति स्मार्ट सिटी पायलट प्रोजेक्ट के तहत पाइपलाइन बिछाई गई थी। इस परियोजना का उद्घाटन भारत सरकार के माननीय गृहमंत्री द्वारा किया गया था। उद्घाटन कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सड़क की जल्दबाजी में मरम्मत कर दी गई, जबकि पाइपलाइन डालने के बाद




सड़क को तकनीकी मानकों के अनुसार ठीक प्रकार से पुनर्स्थापित नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण रूप से यह जलापूर्ति परियोजना अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकी और आज यह परियोजना विफल साबित हो चुकी है। जिसकी विजिलेंस जांच चल रही है। इसके साथ-साथ जिस सड़क के नीचे पाइपलाइन डाली गई थी, उसकी हालत भी कई जगह अत्यंत खराब हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे, धंसी हुई सड़कें और उखड़ा हुआ तारकोल, रोडी, बजरी लोगों के लिए लगातार खतरा पैदा कर रहा है।

राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि प्रतिदिन सैकड़ों वाहन, दोपहिया चालक, ई-रिक्शा चालक, व्यापारी, ग्राहक और स्थानीय निवासी इन सड़कों से गुजरते हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालक और इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर (ई-रिक्शा) चालक दुर्घटना के सबसे अधिक जोखिम में हैं।

उन्होंने कहा कि मोटर मार्केट चंडीगढ़ का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी और व्यापारिक कार्यों के लिए आते हैं। खराब सड़कें न केवल व्यापार को प्रभावित कर रही हैं बल्कि शहर की छवि को भी नुकसान पहुंचा रही हैं। बाहर से आने वाले लोग जब इन टूटी सड़कों को देखते हैं तो स्मार्ट सिटी के दावों पर सवाल उठाते हैं।

उन्होंने चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम तथा संबंधित विभागों से मांग की है कि किसी भी अप्रिय घटना का इंतजार करने के बजाय तत्काल प्रभाव से इन सभी सड़कों का तकनीकी सर्वेक्षण करवाकर उनकी उच्च गुणवत्ता के साथ मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कराया जाए। साथ ही 24×7 जलापूर्ति परियोजना की वास्तविक स्थिति की भी समीक्षा की जाए ताकि जनता के धन का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि मनीमाजरा चंडीगढ़ का एक प्रमुख व्यापारिक एवं आवासीय क्षेत्र है और यहां की बदहाल सड़कें स्मार्ट सिटी की छवि पर दाग के समान हैं। प्रशासन को जनता की सुरक्षा और शहर की प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए।

प्रशासन हादसे का इंतजार करने के बजाय तुरंत कार्रवाई करे। जनता की सुरक्षा किसी भी परियोजना या कागजी उपलब्धि से अधिक महत्वपूर्ण है।

## ढांग ऊपरली के नवनिर्वाचित प्रधान हरप्रीत सिंह ने पंचायत प्रतिनिधियों, एस.डी.एम. नालागढ़ व बी.डी.ओ. नालागढ़ अरविंद कुमार के साथ की बैठक

### पंचायत के विकास एवं जनसमस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया






» प्रथम न्यूज । नालागढ़
10 जून ( गुरजीत सिंह )

नवगठित ग्राम पंचायत ढांग ऊपरली के नवनिर्वाचित प्रधान हरप्रीत सिंह ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एस.डी.एम. नालागढ़ नरेंद्र आहलुवालिया व बी.डी.ओ. नालागढ़ अरविंद कुमार से बैठक कर पंचायत के विकास एवं जनसमस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया।

प्रधान हरप्रीत सिंह ने अधिकारियों को बताया कि नवगठित पंचायत होने के कारण पंचायत के पास अभी आधारभूत सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने पंचायत के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध करवाने, पंचायत भवन के निर्माण तथा फर्नीचर सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था किए जाने की मांग की। बैठक के दौरान उन्होंने बरसात के मौसम में गांव की भूमि, बागवानी विभाग की भूमि, संपर्क सड़कों तथा नदी के किनारे स्थित मकानों को कटाव से होने वाले नुकसान का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बरसात के दौरान कटाव के कारण लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है, इसलिए समय रहते स्थायी समाधान किया जाना आवश्यक है, अन्यथा किसानों की उपजाऊ भूमि नदी में समा जाएगी। इसके अलावा कई मकानों को भी नुकसान हो सकता है। प्रधान हरप्रीत सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान क्षेत्र की जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से वह विभिन्न विभागों के अधिकारियों से मिलकर पंचायत के विकास की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत के गठन के साथ ही क्षेत्र में लंबित एवं अधूरे विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। एस.डी.एम. नरेंद्र आहलुवालिया व बी.डी.ओ. अरविंद कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों और समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा तथा संबंधित विभागों के माध्यम से शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर उप प्रधान जसवीर सिंह, वार्ड पंच करमजीत सिंह, साध राम, वार्ड पंच पम्मी मास्टर, रामगोपाल, सतनाम सिंह, महेंद्र सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बिलासपुर में बच्चों की विद्यालयी तैयारी को मजबूत बनाने के लिए चलेगा 'समर मेला अभियान-2026 : कमाल की तैयारी'

» प्रथम न्यूज । बिलासपुर
10 जून ( जितेंद्र गौतम )

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश भर में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की विद्यालयी तैयारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से समर मेला अभियान-2026 कमाल की तैयारी का आयोजन किया जा रहा है। जिला बिलासपुर में यह अभियान चयनित 184 आंगनबाड़ी केंद्रों में 11 से 25 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चों, माताओं, अभिभावकों तथा समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

इस बारे जानकारी देते हुए जिला



कार्यक्रम अधिकारी नरिंदर कुमार ने बताया कि समर मेला अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक भाषा, गणित, संज्ञानात्मक, शारीरिक तथा सामाजिक-भावनात्मक विकास को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही माताओं और अभिभावकों को बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ईसीई) के प्रति जागरूकता बढ़ाने, बच्चों की स्कूल रेडीनेस को बेहतर बनाने तथा घर-आधारित गतिविधियों के जरिए सीखने की प्रक्रिया को मजबूत करने पर विशेष बल दिया जाएगा। समर मेला समुदाय आधारित आयोजन होंगे, जिनमें बच्चों के लिए गतिविधि-आधारित शिक्षण स्टॉल स्थापित किए जाएंगे।

नरिंदर कुमार ने बताया कि जिला बिलासपुर में 11 से 25 जून तक प्रथम चरण के समर मेलों का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत 26 जून से 31 जुलाई तक घर-आधारित गतिविधियां तथा अभिभावक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। वहीं 1 अगस्त से 15 अगस्त तक दूसरे चरण के समर मेलों का आयोजन होगा।

उन्होंने बताया कि जिला के चयनित 184 आंगनबाड़ी केंद्रों में अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों की नियमित भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनकी विद्यालयी तैयारी को भी मजबूती मिलेगा।

## थैलेसीमिया एक जन्मजात बीमारी का इलाज संभव:डॉ संजीव गोयल

» प्रथम न्यूज । पिहोवा.
10 जून ( मुकेश डोलिया )

प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव गोयल द्वारा ली गई बैठक में स्वास्थ्य विभाग पिहोवा में चिकित्सा अधिकारियों और सुपरवाइजर के साथ विभिन्न प्रकार के विषयों पर चर्चा हुई। प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव गोयल ने बैठक में बताया कि थैलेसीमिया एक जन्मजात बीमारी है इसकी जांच लैब टैस्ट से संभव है जिसके ब्लड सैंपल ले कर लोक नायक जयप्रकाश हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र में भेजे जाते है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के लक्षणों के बारे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को



जागरूक करे और इस बीमारी के जो लक्षण होते हैं उनमें ज्यादातर बच्चों में अत्यधिक थकान,चेहरा और आंखों का रंग पीला पड़ना,धीमा विकास शामिल हैं। सीबीसी, सिरम आयरन टेस्ट से इस बीमारी का पता चलता है। उन्होंने कहा कि इसका इलाज ब्लड ट्रांसफ्यूजन,बोन मैरो ट्रांसप्लांट ओर जीन थेरेपी से इसका इलाज संभव है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को हेमेटोलॉजिस्ट से चिकित्सा देखभाल करनी होगी। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मी,आशा वर्कर के माध्यम से आमजन को इस बीमारी के बारे में जागरूक करने का निर्देश भी दिए है।

## एक नज़र



## पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान पर किया भीषण हमला

**कराची ( एजेंसी )**- पाकिस्तान ने एक बार फिर अफगानिस्तान पर भीषण हमला किया है। पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार रात अफगानिस्तान के सीमावर्ती रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया और एयर स्ट्राइक कर ताबड़तोड़ बमबारी की। पाकिस्तान के इस हमले में दर्जन से ज्यादा अफगानी लोगों की मौत होने की खबर है। मृतकों में बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा 15 से ज्यादा लोग बुरी तरह से घायल हुए हैं, जिन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तानी सेना की ओर से अफगानिस्तान के कुनार, खोस्त और पक्तिका प्रांतों के अलग-अलग रिहायशी इलाकों में एयर स्ट्राइक कर बम बरसाए गए। पाकिस्तान के भयंकर हमले से ये तमाम इलाके धुएं के गुबार में ढंके नजर आए। वहीं पाकिस्तान की ओर से यह हमला किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच लंबे समय से जारी आपसी तनाव और बढ़ गया है। अफगानिस्तान की सरकार ने पाकिस्तान के इस हमले की कड़ी निंदा की है और इसे अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन बताया है। पाकिस्तानी सेना के इस हमले को तालिबान सरकार ने अमानवीय और क्रूरतापूर्ण बताया है।

अफगान प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, पाकिस्तानी हमलावर सेना ने मंगलवार की देर रात एक बार फिर अफगानिस्तान की संप्रभुता का खुलेआम उल्लंघन किया और हवाई हमले में कई लोगों की जान चली गई। जबीउल्लाह ने आगे बताया कि पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने अफगानिस्तान के तीन प्रमुख प्रांतों- कुनार, खोस्त और पक्तिका में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया है और इन इलाकों में रहने वाले आम नागरिकों के घरों पर अंधाधुंध बमबारी की गई है, जिससे कई घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं।

## अमेरिका ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर किया हमला

### अपाचे हेलीकॉप्टर को मार गिराने के जवाब में अटैक, होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ा टकराव



**नई दिल्ली ( एजेंसी )**- मिडिल ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच जंग का दूसरा भयानक दौर शुरू होता दिख रहा है। दरअसल अमेरिका ने एक बार फिर ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिका के अनुसार, स् आर्मी के अपाचे हेलीकॉप्टर को ईरान द्वारा मार गिराने के जवाब में और सेल्फडिफेंस में हमला शुरू किया गया। अमेरिकी सेना ने सीधेतौर से ईरान के सैन्य और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया।

बता दें कि, ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल ने अप्रैल में युद्धविराम किया था लेकिन पिछले कुछ दिनों में युद्धविराम को किनारे कर बार-बार अमेरिका-ईरान और इजरायल-ईरान में टकराव देखने को मिला और एक-दूसरे पर हमले किए गए। पिछले महीने 8 मई को समंदर में होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिका-ईरान ने एक-दूसरे पर ड्रोन्स और मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए थे। यहां यह ज्ञात रहे कि अमेरिकी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट में पूरी तरह से नाकाबंदी की हुई है।

## वर्ल्ड स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए चुनी गईं काव्या शर्मा, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**धर्मशाला ( ब्यूरो )**- कांगड़ा जिला की प्रतिभाशाली खिलाड़ी और सरकाघाट बास्केटबॉल कन्या छात्रावास की छात्रा काव्या शर्मा का वर्ल्ड स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि काव्या का इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होना न केवल उनके परिवार और क्षेत्र, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सर्बिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में काव्या भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने विश्वास व्यक्त किया कि काव्या अपनी मेहनत, प्रतिभा और खेल कौशल के दम पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी तथा देश और प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल के युवा खिलाड़ी विभिन्न खेलों में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना रहे हैं। काव्या शर्मा के चयन से खेल जगत में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने भी उन्हें बधाई देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की कामना की है। काव्या की यह सफलता प्रदेश की उभरती खेल प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।



# बेटियां आत्मनिर्भर बनें और सपने साकार करें : मनोहर नाथ

### पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल तीसा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता शिविर में छात्राओं को किया गया जागरूक

» प्रथम न्यूज । तीसा
10 जून ( एएम नाथ )







पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल तीसा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) श्रीमती वीना देवी ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला अधिकारों तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।

अपने संबोधन में जिला मिशन समन्वयक मनोहर नाथ ने कहा कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उनमें अपार प्रतिभा और संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। उन्होंने बताया कि 'अपराजिता मैं चम्बा की' अभियान जिला प्रशासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से बालिकाओं को समान अवसर प्रदान करने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

सीडीपीओ वीना देवी ने छात्राओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की अनेक योजनाएं बालिकाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं तथा उनका लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है।

वृत पर्यवेक्षक पूजा कुकरेजा ने छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता तथा घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध सहायता और सुविधाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि संकट की स्थिति में महिलाएं इन सेवाओं का लाभ उठा सकती हैं।

मनोहर नाथ ने किशोरियों से मासिक धर्म के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने मासिक धर्म से जुड़ी सामाजिक कुरीतियों और भ्रांतियों पर प्रकाश डालते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई। साथ ही सेनेटरी पैड के सुरक्षित निष्पादन, स्वच्छता संबंधी सावधानियों तथा मासिक धर्म के दौरान संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल-फ्री नंबर की जानकारी भी प्रदान की गई।

शिविर में वृत पर्यवेक्षक रीता देवी, अध्यापक अनिल कुमार, राजेश सहित लगभग 250 छात्राओं और अध्यापकों ने भाग लेकर विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम को प्रतिभागियों ने ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।

## ईरान का पलटवार: बहरीन में अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट पर ड्रोन हमला, जॉर्डन के बेस पर भी दागीं मिसाइलें

» प्रथम न्यूज । तेहरान
10 जून ( एजेंसी )



ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (IRGC) ने दावा किया कि उसने अमेरिकी हमलों के जवाब में बहरीन में तैनात अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट पर ड्रोन हमला किया है।

इसके साथ ही जॉर्डन स्थित अमेरिकी सैन्य बेस को भी मिसाइलों से निशाना बनाया गया।

आईआरजीसी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका की आक्रामक कार्रवाई जारी रही, तो ईरान और अधिक कठोर जवाब देगा।

गार्ड्स के अनुसार, अमेरिकी हमलों में ईरान के दक्षिणी शहर सिरिक में एक टेलीकम्युनिकेशन टावर और पानी की दो टंकियां क्षतिग्रस्त हो गईं। ईरानी मीडिया के मुताबिक, आईआरजीसी ने बयान जारी कर कहा कि अमेरिकी सेना ने झूठे बहाने बनाकर जास्क, सिरिक और केशम सहित कई इलाकों पर हमला किया। बयान में कहा गया, युद्ध-प्रेमी अमेरिकी सरकार ने आज सुबह जास्क, सिरिक और केशम में कई स्थानों को निशाना बनाया, जिससे सिरिक में संचार टावर को नुकसान पहुंचा और पानी की दो टंकियां नष्ट हो गईं।

### CENTCOM बोला- आत्मरक्षा में किए गए हमले

वहीं, यूनाइटेड स्टेट्स सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी अपाचे हेलीकॉप्टर को गिराए जाने के बाद 9 जून को ईरान के खिलाफ आत्मरक्षा में कार्रवाई की गई। एक्स पर जारी बयान में CENTCOM ने कहा कि अमेरिकी एयर फोर्स और नेवी के लड़ाकू विमानों ने ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम, ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और सर्विलांस रडार साइटों पर सटीक हमले किए।

बयान के अनुसार, यह कार्रवाई अमेरिकी बलों और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों पर हालिया हमलों के जवाब में की गई।

CENTCOM ने कहा, अमेरिकी सेना सतर्क है और ईरान की अनुचित आक्रामकता का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।अमेरिकी राष्ट्रपति Donald Trump ने हेलीकॉप्टर गिराए जाने के लिए तेहरान को जिम्मेदार ठहराते हुए कड़े जवाब की चेतावनी दी थी।

### बहरीन में मिसाइल अलर्ट, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह

ईरानी दावों के बीच बहरीन में मिसाइल अलर्ट सायरन बजाए गए। बहरीन के गृह मंत्रालय ने नागरिकों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की। बहरीन फारस की खाड़ी में सऊदी अरब के तट के पास स्थित एक द्वीपीय देश है, जहां अमेरिकी नौसेना की फिफ्थ फ्लीट तैनात है।

## खान सर FIR रद्द कराने पहुंचे पटना हाईकोर्ट, बिहार सरकार को नोटिस; जानें मामले में अब तक क्या-क्या हुआ



» प्रथम न्यूज । पटना
10 जून ( ब्यूरो )

मशहूर शिक्षक और 'खान ग्लोबल स्टडीज' के संस्थापक फैजल खान उर्फ खान सर अपने कोचिंग सेंटर पर हुए हमले के मामले में कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। हमले के दौरान उनके गार्ड द्वारा की गई हवाई फायरिंग को लेकर दर्ज की गई FIR को रद्द करवाने के लिए खान सर ने अब पटना हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस केस में गैर-जमानती धाराएं होने के कारण उन पर गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है। वहीं दूसरी तरफ, खान सर के कोचिंग पर हमले के आरोप में जेल में बंद ज्ञान बिंदु कोचिंग के मालिक रौशन आनंद की मुश्किलें भी कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

### निचली अदालत से मिली फौरी राहत, 20 जून को अगली सुनवाई

दर्ज केस में गैर-जमानती धाराएं शामिल होने की वजह से खान सर ने निचली अदालत में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी। मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने फिलहाल उन्हें फौरी राहत देते हुए 20 जून तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने पुलिस से मामले की केस डायरी और खान सर का आपराधिक इतिहास (क्राइम हिस्ट्री) तलब किया है। खान सर के वकील ने अदालत में दलील दी है कि पुलिस द्वारा लगाई गई हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की धाराएं पूरी तरह से फर्जी और बनावटी हैं। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ था और गार्ड ने केवल आत्मरक्षा के लिए अपने लाइसेंसी हथियार से हवा में गोली चलाई थी। इस अग्रिम जमानत याचिका पर अब 20 जून को अहम सुनवाई होगी।

### हाईकोर्ट ने बिहार सरकार से 4 हफ्ते में मांगा जवाब

पटना हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में खान सर ने न सिर्फ FIR रद्द करने की गुहार लगाई है, बल्कि प्रशासन से अपनी कोचिंग को दोबारा खोलने की अनुमति देने का भी आदेश जारी करने की अपील की है। इस याचिका पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली बिहार सरकार से जवाब तलब किया है। अदालत ने राज्य सरकार को इस पूरे मामले में अपना विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया है।

### जेल में बंद रौशन आनंद को नहीं मिली बेल, अब आगे क्या?

एक तरफ खान सर अपनी कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर उनके कोचिंग संस्थान पर हमले के मुख्य आरोपी रौशन आनंद फिलहाल सलाखों के पीछे हैं। मंगलवार को निचली अदालत ने रौशन आनंद को बड़ा झटका देते हुए उनकी जमानत याचिका को सिरे से खारिज कर दिया।

निचली अदालत से बेल नहीं मिलने के बाद अब उनके वकील जिला जज की अदालत में नई जमानत याचिका दायर करने की रणनीति तैयार कर रहे हैं।

## मसूरी-देहरादून हाईवे पर 500 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, 4 पर्यटकों की दर्दनाक मौत

» प्रथम न्यूज । देहरादून
10 जून ( ब्यूरो )



उत्तराखंड के मसूरी-देहरादून मार्ग पर बुधवार को एक बेहद खौफनाक सड़क हादसा हो गया। कोल्हूखेत के पास एक अनियंत्रित कार करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस भयानक हादसे में दिल्ली-एनसीआर के रहने वाले चार पर्यटकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया, लेकिन खाई इतनी गहरी थी कि किसी भी यात्री को जिंदा नहीं बचाया जा सका।

**ढलान पर ब्रेक फेल होने से खाई में समाई कार:** पुलिस से मिली प्राथमिक जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा उस वक्त हुआ जब ये पर्यटक मारुति सेलेरियो कार (DLzCS4610) से उत्तरकाशी की यात्रा कर वापस लौट रहे थे। ढलान वाले घुमावदार रास्ते पर उतरते समय अचानक कार के ब्रेक फेल हो गए, जिसके चलते ड्राइवर गाड़ी से अपना नियंत्रण पूरी तरह खो बैठा। संतुलन बिगड़ने के बाद कार तेजी से सड़क से नीचे उतर गई और सीधे 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और हादसे की असली वजह का पता लगाने के लिए वाहन की मैकेनिकल जांच भी की जाएगी।

**मृतकों में दिल्ली, गाजियाबाद और सोनीपत के निवासी शामिल:** गहरी खाई से काफी मशक्कत के बाद चारों शवों को निकालकर उनकी शिनाख्त कर ली गई है। मृतकों की पहचान सोनीपत निवासी सत्यप्रकाश, 19 वर्षीय युवक मनित, गाजियाबाद के नेहरू नगर निवासी 48 वर्षीय सविता (पत्नी धर्मवीर) और दिल्ली के करोल बाग निवासी 46 वर्षीय संगीता (पत्नी टीटू) के रूप में हुई है।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही सभी मृतकों के परिजनों को इस मनहूस घटना की सूचना दे दी गई है।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर जताया गहरा शोक

मसूरी-देहरादून मार्ग पर झड़ीपानी के पास पर्यटकों की जान जाने की इस घटना पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस सड़क दुर्घटना को अत्यंत हृदयविदारक बताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है। इसके साथ ही सीएम धामी ने शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय दुख और अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

## मोदी कैबिनेट में होने जा रहा है बड़ा फेरबदल, इन 2 मंत्रियों की होगी छुट्टी; राघव चड्ढा को लेकर भी आई चौंकाने वाली खबर

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
10 जून ( ब्यूरो )



राज्यसभा चुनाव के नतीजों से पहले ही देश की सियासत में एक बड़ी हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में बड़े फेरबदल की अटकलों ने जोर पकड़ लिया है।

हालांकि, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) की तरफ से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि टीम मोदी के कई मौजूदा मंत्रियों को कैबिनेट से बाहर का रास्ता दिखाकर संगठन में नई जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

इसके साथ ही, आगामी विधानसभा चुनावों वाले राज्यों को साधने के लिए कई नए और चौंकाने वाले चेहरों की कैबिनेट में दमदार एंट्री हो सकती है।

### पंजाब के इन बड़े चेहरों को मिल सकता है मौका

आगामी रणनीतियों के तहत भारतीय जनता पार्टी पंजाब में खासी सक्रिय नजर आ रही है।

ऐसी प्रबल संभावनाएं जताई जा रही हैं कि इस बार मोदी कैबिनेट में पंजाब के चेहरों को खास तवज्जो दी जा सकती है। भाजपा ने हाल ही में अपने महासचिव तरुण चुघ को मध्य प्रदेश से राज्यसभा सीट के लिए मैदान में उतारा है। उनके अलावा, पंजाब भाजपा की कमान संभाल चुके पूर्व कांग्रेस नेता सुनील जाखड़ के नाम की भी जोरों पर चर्चा है।

सबसे ज्यादा हैरान करने वाली अटकलें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से आ रही हैं, जिनमें कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी (AAP) से आए राघव चड्ढा को भी मोदी कैबिनेट में मौका दिया जा सकता है। हालांकि, राघव चड्ढा या किसी भी पार्टी नेता की ओर से अभी तक इस खबर की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### खतरे में इन 2 मंत्रियों की कुर्सी

कैबिनेट विस्तार की इन चर्चाओं के बीच कुछ मौजूदा मंत्रियों की छुट्टी होने की भी पक्की खबर सामने आ रही है। न्यू इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि वर्तमान कैबिनेट से कम से कम 2 मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है।

फिलहाल इन नेताओं के नामों का आधिकारिक खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन इस बात पर खास तौर पर गौर किया जा रहा है कि भाजपा ने इस बार राज्यसभा चुनाव के लिए अपने दो केंद्रीय मंत्रियों को टिकट ही नहीं दिया है।

इनमें पंजाब से आने वाले रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन का नाम शामिल है। रवनीत सिंह बिट्टू को दोबारा उम्मीदवार न बनाए जाने के बाद ही इस बात की प्रबल संभावनाएं बन गई हैं कि पंजाब से कई नए चेहरों को मंत्री परिषद में शामिल करके सबको चौंकाया जा सकता है।